विश्वरूप जयादित्य जय विष्णो जयाच्युत। जय केशव ईशान जय कृष्ण नमोऽस्तु ते।। जयादित्य जय स्वामिञ्जय भानो जयामल। जय वेदपते शश्वत्तारयास्माहर्पते।।



श्रीसूर्याय नमः



श्रीसरस्वत्यै नमः



श्रीगणेशाय नमः



श्रीविष्णवे नमः



श्रीशंकराय नमः

श्रीसूर्यसिद्धान्त पर आधारित जयपुर से प्रकाशित राजस्थान का एकमात्र

श्रीसर्वेश्वर
जयादित्य पञ्चाङ्गम्

युधिष्ठिर संवत्-5162
कलि संवत्-5127
विक्रम संवत्-2082
शक संवत्-1947
निम्बार्काब्द-5120-21
ईस्वी सन्-2025-26

संवत्सर - सिद्धार्थ
राजा - सूर्य
मन्त्री - सूर्य
अक्षांश रेखांश
26/55 उत्तर तथा
75/48 पूर्व जयपुर

गणितकर्ताः आचार्य विनय झा   प्रधान सम्पादकः पं. अमित शर्मा

प्रकाशक
श्रीनिम्बार्कपरिषद्
मन्दिर श्रीसरसबिहारी जी कलवाड़ा,
तह. सांगानेर, जयपुर

मार्गदर्शक
अखिल भारतीय विद्वत्परिषद्
वाराणसी

।। श्रीसर्वेश्वरो जयति ।।

।। श्रीभगवन्निम्बार्काचार्याय नमः ।।




ठाकुर श्रीसरसबिहारी जी महाराज

रुक्मिणीसत्यभामाव्रजस्त्री विशिष्टः श्रीभगवान्
पुरुषोत्तम वासुदेवः सम्प्रदायिभिरवैंष्णवैः सदोपासनीयः



सुदर्शन चक्रावतार जगद्गुरु
भगवान श्रीनिम्बार्काचार्य

श्रीनिम्बार्क परिषद्



अनन्तश्री विभूषित जगद्गुरु निम्बार्काचार्य
श्रीराधासर्वेश्वरशरणदेवाचार्य श्री श्रीजी महाराज

सर्वज्ञो जगतः कर्ता भक्ताभीष्टप्रदो विभुः। यः केशवो नमामस्तं शरण्यं भक्तवत्सलम् ।।
ॐ जय जयेङ्गितज्ञाता नियमानन्द आत्मवान्। नियमेन वशे कुर्वन्भगवन्मार्गदर्शकः ।।

हे आचार्यशिरोमणे !

आपश्री के आश्रित "श्रीनिम्बार्क परिषद्" द्वारा समस्त शास्त्रवचन पोषित आर्ष
सूर्यसिद्धान्तीय गणना आधारित भारतवर्ष के मान्य आचार्यों द्वारा प्राप्त
सम्मति एवं विद्वानों के परिश्रम से निर्मित यह

"श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चाङ्ग"

आपश्री को ही समर्पित है।

॥ श्रीसर्वेश्वरो जयति ॥

श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चांगम्

विषयानुक्रमणिका

श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चांगम्

जयपुर, राजस्थान 7425824413, 7976006514

॥ श्रीसर्वेश्वरो जयति ॥

विश्वरूप **जयादित्य** जय विष्णो जयाच्युत ।
जय केशव ईशान जय कृष्ण नमोऽस्तु ते ॥- *व.पु.*
जयादित्य जय स्वामिञ्जय भानो जयामल।
जय वेदपते शश्वत्तारयास्मानहर्पते ॥- *स्क.पु.*

सिद्धार्थ नाम संवत्सर 2082, 2025-26 ई.

श्रीसूर्यसिद्धान्त पर आधारित
राजस्थान का एकमात्र पञ्चांग

श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चांगम्

✻ संरक्षक ✻

श्रीमहन्त श्रीवृन्दावनबिहारीदास जी महाराज
'काठिया बाबा' सुखचर कोलकाता

महन्त श्रीबनवारीशरण जी महाराज
प्रन्यासी अ.भा. निम्बार्काचार्यपीठ जूसरी मकराना

महन्त श्रीवृन्दावनदास जी महाराज
महामंत्री अ.भा. श्रीनिम्बार्क महासभा वृन्दावन

आचार्य महामण्डलेश्वर श्रीमहन्त
स्वामी श्रीपद्मनाभशरणदेवाचार्य जी महाराज
श्रीसर्वेश्वर सेवाधाम, जयपुर, परमाध्यक्ष श्रीनिम्बार्क परिषद्

डॉ. कामेश्वर उपाध्याय
महासचिव, अखिल भारतीय विद्वत्परिषद् वाराणसी

✻ मार्गदर्शक ✻

पं. आदित्यमोहन शर्मा 'विद्वद्भूषण'
प्रधान सम्पादक, जयविनोदी जयपुर पञ्चांग

पं. गङ्गाधर पाठक
मुख्याचार्य श्रीरामजन्मभूमि शिलापूजन अयोध्या

अखिल भारतीय विद्वत्परिषद्, काशी

देवतायन, 96, जानकीनगर, वाराणसी, उत्तरप्रदेश

✻ पञ्चाङ्ग गणितकर्ता ✻

आचार्य विनय झा
संरक्षक, अखिल भारतीय विद्वत्परिषद्, वाराणसी

✻ प्रधान सम्पादक ✻

पं. अमित शर्मा
ज्योतिष-धर्मशास्त्र मर्मज्ञ, महामंत्री श्रीनिम्बार्कपरिषद् जयपुर

✻ प्रबन्ध सम्पादक ✻

मुदित मित्तल
ज्योतिषाचार्य, संयोजक राज०प्रान्त अ.भा.विद्वत्परिषद् जयपुर

✻ सह सम्पादक ✻

पं. पुरुषोत्तम शर्मा
राजज्योतिषी, कलवाड़ा जयपुर

डॉ. गोविन्दचन्द्र द्विवेदी
ज्योतिषाचार्य, मीरजापुर उ.प्र.

✻ नवग्रह चित्रांकन ✻

श्री दृढ़व्रत गॉरिक
Drdha Vrata Gorrick - Website: www.divyakala.com

✻ प्रकाशक ✻

श्रीनिम्बार्क परिषद्

मन्दिर श्रीसरसबिहारी जी गढ़ के सामने,
कलवाड़ा, जयपुर, राजस्थान - 302037
7425824413, 7976006514
Email- ssjayadityapanchang@gmail.com
Website- www.nimbarkparishad.com

✻ आशीर्वाद ✻

स्वामी श्रीसियारामदास जी महाराज नैयायिक
श्रीमहन्त, सर्वेश्वर श्रीरघुनाथ जी मंदिर माउंट आबू

महन्त श्री अवधेशदास जी महाराज
महन्त, श्रीसिद्धेश्वर हनुमान जी मंदिर सोडाला जयपुर

श्री हरिप्रियदास जी महाराज 'विद्याभूषण'
श्रीमद्भागवत मर्मज्ञ, पराभक्तिपीठम् वृन्दावन

स्वामी श्री राघवेन्द्रदास जी महाराज
धर्मशास्त्रमर्मज्ञ हृषीकेश

✻ परामर्शदातृ समिति ✻

प्रो. सतीशचन्द्र शास्त्री
वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य एवं शास्त्र चूड़ामणि जयपुर

प्रो. अर्कनाथ चौधरी
पूर्व निदेशक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर

प्रो. मोहनलाल शर्मा
पूर्व प्राचार्य रा.महा.आ.सं.म.वि, प्रदेशाध्यक्ष अ.भा.विद्वत्परिषद्

डॉ. पारसनाथ ओझा
प्रधान संपादक, आदित्य पञ्चाङ्ग काशी

प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा
ज्योतिष विभागाध्यक्ष जगद्गुरु रामानन्दाचार्य रा.सं.वि.वि.जयपुर

प्रो. कृष्णा शर्मा
धर्मशास्त्र विभागाध्यक्ष केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर

डॉ. विजेन्द्र शर्मा
सिद्धान्त ज्योतिषाचार्य केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर

✻ विशिष्ट सहयोग ✻

डॉ. नमिता मित्तल सहा.आचार्य के.सं.वि.वि. जयपुर
पं. रमाकान्त शर्मा ज्योतिषाचार्य जयपुर
पं. मोहित शर्मा ज्योतिषाचार्य जयपुर
डॉ. सिद्धार्थ माहेश्वरी, पं. साकेत झा,पं.गोविन्द झा

✻ नम्र निवेदन ✻

सम्मानीय धर्मानुरागी जन !

'**श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चाङ्ग**' का पञ्चम पुष्प विक्रम संवत् 2082 के समस्त व्रतपर्वोत्सवों हेतु आप सभी के समक्ष प्रस्तुत है। **''धर्म जिज्ञासमानानां प्रमाणं परमं श्रुतिः।''**

मनु महाराज के वचन के अनुसार 'धर्म की जिज्ञासा करने वालों के लिए श्रुति (वेद) सर्वोच्च प्रमाण है।' इससे यह सिद्ध होता है कि धर्माचरण के बिना सुख संभव नहीं है और धर्माचरण काल-ज्ञान के बिना संभव नहीं है। शास्त्रों में विभिन्न कर्मों के काल निर्धारित है जिनका विधिवत अनुष्ठान नियत काल में ही संभव है जिस प्रकार ऋतु अनुसार बोया बीज ही उत्पन्न होता है उसी प्रकार निर्धारित काल में किया गया शास्त्रोक्त कर्म ही फलदायक होता है अन्यथा वह निष्फल ही है।

इन धर्मकृत्यों के व्यवस्थित पालन हेतु पञ्चाङ्ग नामक साधन का प्रणयन ऋषियों ने किया। विगत कुछ समय से पञ्चाङ्ग निर्माण की विधि को लेकर मतभेद प्रकट हुए हैं तथा भिन्न भिन्न गणना विधि से पञ्चाङ्ग बनने से सामान्य जन में व्रतोपवास एवं पर्वों को लेकर सतत् संशय की स्थिति निर्मित हो गयी है।

समस्त शास्त्रों, सिद्धांत-ग्रंथों और पुराणों के अनुसार सूर्यसिद्धांत के अनुसार ही ग्रह साधन और तिथ्यादि का निर्धारण करना चाहिए। व्यास जी का स्पष्ट वचन है (विष्णुधर्मोत्तर पुराण) कि ग्रहण आदि घटनाओं में जहाँ दर्शन की आवश्यकता हो वहाँ ग्रहस्पष्ट आदि को दृक्कर्म संस्कार द्वारा दर्शन योग्य बनाना चाहिए, किंतु तिथ्यादि में उनका प्रयोग कभी भी नहीं करना चाहिए।

अन्य सभी पुराणों में गणना के लिये सूर्यसिद्धान्त का ही प्रयोग किया गया है। धर्मसम्राट स्वामी श्रीकरपात्रीजी महाराज ने ने अपने कुम्भ तिथ्यादि निर्णय में स्कन्दपुराण के कलिमाहात्म्य से उद्धृत करते हुए लिखा है- **दृक्सिद्धखेटग्रहसाधितासु कुर्वन्ति केचित्तिथिषु प्रमादात् ।**
श्राद्धादिकं तत्पितृशापतस्ते पुण्यक्षयं दुर्गतिमाप्नुवन्ति ।।
तथापि सन्तो बहवोऽत्र धार्मिकाः पुरातनाचारमथाजहन्तः ।
सूर्यांशजोक्तार्जितकाल एव कर्माणि कुर्वन्ति सुखं लभन्ते ।।

कुछ लोग प्रमाद के कारण दृक् सिद्धग्रह गणित के द्वारा निर्धारित तिथियों के अनुसार श्राद्धादि वैदिक कर्म करते हैं, वे पितृशाप के कारण पुण्यक्षीण होने से दुर्गति को प्राप्त होते हैं। फिर भी यहां बहुत से ऐसे धार्मिक हैं, जो पुरातन आचारपद्धति को न छोड़ते हुए सूर्यपुत्र मय के द्वारा कहे गये सूर्यसिद्धान्त द्वारा निर्धारित काल में ही श्राद्धादि-कर्म करते हैं, व सुख प्राप्त करते हैं।

अदृष्ट-फल-सिध्यर्थ यथार्कगणितं कुरु । गणितं यदि दृष्टार्थ तद्दृष्ट्युद्भव तस्सदा ।। -निर्णयसिन्धु ''अदृष्ट (प्रारब्ध) फल की सिद्धि हेतु सूर्यसिद्धान्त (अर्क-गणित) का प्रयोग करें, दृष्ट प्रयोजन यदि हो तो उसके लिए दृष्ट से उद्भूत गणित सदा प्रयुक्त करें।

कालिदास ज्योतिर्विदाभरण में लिखते हैं कि पञ्चाङ्ग में अधिकमास, क्षयमास, ग्रहों की संक्रान्ति आदि सूर्यसिद्धान्तीय गणना से ही लेनी चाहिए-

श्रीसूर्यसिद्धान्तमतोद्भवार्कात् साध्यौ तदा तावधिकक्षयौ।
मासौ तदा संक्रमकाल एव साध्यः सदा हौरिकशास्त्रविद्भिः।।

परम् आश्चर्य का विषय है कि सभी व्रत पर्वों के निर्धारण में सर्वमान्य एवं सर्वाधिक प्रतिष्ठित ग्रन्थ निर्णयसिन्धु है। उत्तरभारत के प्रायः सभी पञ्चाङ्ग निर्णयसिन्धु का अवलम्बन लेते हैं। इसी निर्णयसिन्धु के कर्ता सिद्धान्ततत्त्वविवेककार आचार्य कमलाकर भट्ट ने धर्मकृत्य निर्णय एवं फलादेश में दृश्यपक्ष को नकारकर सूर्यसिद्धान्त को ही परम प्रामाणिक मानते हुए इसे वेदवत कहा है, '**प्रमाणं श्रुतिवद् ग्राह्यम्।**'

ग्रहगणना सिद्धान्त का विवाद तो एक ओर रहा परन्तु वर्तमान में दृक्पक्षीय पञ्चाङ्गकर्ताओं की मनमानी पर्वों के निर्धारण में भी हतप्रभ कर देने वाली है। गतवर्ष संवत 2081 में अत्यन्त दुर्भाग्यशाली विवाद दीपावली महापर्व को लेकर उत्पन्न किया गया, परन्तु सम्पूर्ण भारत की जनता द्वारा ऐसे वितण्डावादियों के मायाजाल में ना उलझकर शास्त्र द्वारा सिद्ध दिन को ही दीपावली मनाई गई। जिसका विशेष विवरण 'दीपावली निर्णय' नामक लेख में पृष्ट 20 पर दिया गया है।

अस्तु यह विषय इतना जटिल हो चुका है की इसका निराकरण सहज सम्भव नहीं लगने पर भी अगम्य नहीं है। बीज रूप में ही सही पर सिद्धान्त की रक्षा अवश्य ही हो, इस पावन उद्देश्य को लेकर संवत् 2078 से इस '**श्रीसर्वेश्वर-जयादित्य-पञ्चाङ्ग**' का प्रकाशन आरंभ हुआ है, जिसपर आरम्भ से ही विद्वद्विभूतियों का आशीर्वाद रहा है। पञ्चांग के प्रथम प्रकाशन से ही आशीर्वाद प्रदाता ऐसी ही एक जयपुर की महान विभूति, महामहोपाध्याय प्रो. दयानंद भार्गव जी के कार्तिक मास 2082 में ब्रह्मलीन होने से भारतीय वेदविद्या और सारस्वत परंपरा में एक गहरी शून्यता उत्पन्न हो गई है। वे वेदसमुद्र पण्डित श्री मधुसूदन ओझा जी की परंपरा के प्रमुख वाहक और राष्ट्रपति सम्मानित विद्वान थे। श्रीनिम्बार्क परिषद् की ओर से श्रद्धांजलि यशः शेष दिव्यात्मन् आचार्य को शतं प्रणामाः। हंसपुरुषाय ते नमः।

'**सम्वत्सर एव प्रजापतिः**' (शतपथ, 1|6|3|5)। संवत्सर ही प्रजापति है, काल ही सर्वेश्वर है और प्रजापति का भी पिता है। '**कालो ह सर्वस्येश्वरो यः पितासीत् प्रजापतेः**'(अथर्व0 19.53.8)। भगवान् श्रीकृष्ण ने स्वयं को गीता में अक्षय काल '**अहमेवाक्षयः कालः**' कहा है। कालरूपी सर्वेश्वर भगवान् श्रीकृष्ण का यह पञ्चाङ्ग जयपुर के धर्माकाश में भगवान् भुवनभास्कर आदित्य की भाँति उदित हुआ है। ऐसा यह '**श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चाङ्ग**' धार्मिकों के समक्ष प्रस्तुत है। समस्त धर्मानुरागी जन धर्मफल की शाश्वत सिद्धि हेतु धर्मशास्त्रानुमोदित इस 'श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चाङ्ग' के अनुसार व्रतपर्वोत्सवों का पालन करें।

श्रीसूर्यसिद्धान्तीय गणितज्ञ व त्रिस्कन्धज्योतिर्विद् आचार्य श्री विनय झा जी ने जयपुर के आराध्यदेव ठाकुर श्रीगोविन्ददेवजी मन्दिर के अक्षांश रेखांशों पर इस पञ्चाङ्ग हेतु सूर्यसिद्धान्तीय सूक्ष्मगणितसाधन किया है। पञ्चाङ्ग के प्रबन्ध सम्पादक श्री मुदित मित्तल का अनथक परिश्रम इस प्रकल्प की सिद्धि में प्रमुख है तथा इस पञ्चाङ्ग में जो कुछ भी श्रेष्ठ है वह सब श्रीसर्वेश्वर प्रभु के कृपाप्रसाद स्वरुप सन्तों, विद्वानों का अवदान है तथा प्रमादवश जो कुछ भी त्रुटि दृश्य हो, वह सब श्रीनिम्बार्क परिषद् की है जिनका परिमार्जन आप सभी के सहयोग एवं श्रीसर्वेश्वर प्रभु की कृपा से ही सम्भव हो सकेगा। श्रीसर्वेश्वर प्रभु हम सभी पर सदा कृपा रखें!

- पं. अमित शर्मा
महामंत्री, श्रीनिम्बार्क परिषद्, जयपुर
प्रधान सम्पादक, श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पञ्चाङ्ग

❋ संवत् 2082 के व्रत पर्व निर्णय (30 मार्च 2025 से 19 मार्च 2026 तक)❋

श्रीसर्वेश्वर
जयादित्य पञ्चांगम्

❋ **वर्षारम्भ तथा नवरात्र स्थापना-** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत 2082 रविवार दिनांक 30 मार्च 2025 सिद्धार्थ नाम संवत्सर का प्रारम्भ होगा इस दिन प्रत्येक घर में ध्वजारोहण नवीन निम्बदल भक्षण, पञ्चांग श्रवण करना चाहिए इसी दिन वासंतिक नवरात्र प्रारम्भ होंगे। इस वर्ष चित्रा नक्षत्र एवं वैधृति योग नहीं है। चौघड़िया देखकर स्थापना करना अशास्त्रीय है। घटस्थापना मुहूर्त-

सूर्योदय से 10 घटी पर्यन्त श्रेष्ठ -07:02-10:38 **अभिजित** -12:11-12:59

❋ **श्रीराम नवमी** - चैत्र शुक्ल नवमी के मध्याह्न में पुनर्वसु नक्षत्र, कर्क लग्न में प्रभु श्रीराम का जन्म हुआ था। व्रतपूर्वक श्रीरामजी का जन्माभिषेक कर श्रीरामचरितमानस, श्रीरामरक्षास्तोत्र का पाठ करे। इस वर्ष श्रीरामनवमी 6 अप्रैल 2025 को है।

❋ **श्रीपरशुराम जयंती, अक्षय तृतीया** - वैशाख शुक्ल तृतीया पूर्वाह्न व्यापिनी ग्रहण करनी चाहिये, रोहिणी नक्षत्र सहित तृतीया बुधवार से युक्त होने पर भी द्वितीया से विद्धा हो तो वर्जित है, यह तृतीया युगादि भी है और शुक्ल पक्ष की युगादि में पूजन श्राद्ध पूर्वाह्न में ही ग्राह्य है, दोनों दिन पूर्वाह्न व्यापिनी हो तो अगली ही लेनी चाहिए, शुक्ल पक्ष की युगादी तथा मन्वादि तिथियों में उदयव्यापिनी लिथि ही ग्राह्य है। 30 अप्रैल 2025 को उदयकाल व्यापिनी तृतीया और रोहिणी नक्षत्र है, अतः इसी दिन अक्षय तृतीया है। भगवद् जयंती व्रतोपवास में उदयकाल व्यापिनी तिथि लेनी चाहिये, अतः **श्रीपरशुराम जयन्ती भी 30 अप्रैल को मनाई जाएगी।** इस दिन श्रीपरशुराम जयंती व चन्दनोत्सव का प्रमाण पहले देकर स्वधर्मामृतसिन्धु में स्पष्ट किया गया है,

'अथ तद्दिनं निर्णीयते। द्वयोरपि उत्सवनिमित्त सा विद्धाधिके तु परेद्युरेव। तदुक्तं स्कन्दपुराणे -
वैशाखस्य तृतीया या पूर्वविद्धा तु निन्दिता । तस्मात्सर्वप्रयत्नेन चतुर्थीसंयुता शुभा ।। तथा वसिष्ठसंहितायां -
रोहिणीबुधयुक्तापि पूर्वविद्धा विर्वजिता । भक्तया कृतापि संमोहात्पुण्यं हन्ति पुराकृतम् ।।
इत्यादिवचनैः पूर्वविद्धस्य सर्वथा परिहार्यत्वात् । कलामात्रेपि सा पूर्णा तत्रोत्सवः कर्त्तव्यः।

अर्थात श्री परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया दोनों उत्सव विद्धा तिथि को छोड़कर दूसरे दिन करना चाहिए। स्कन्दपुराण में कहा गया है, 'वैशाख की तृतीया, जो पूर्वविद्धा हो, तो निन्दित होती है। प्रयासपूर्वक उसे चतुर्थी से युक्त ले तो शुभ होती है। वसिष्ठसंहिता में भी कहा है, 'रोहिणी और बुधवार से युक्त तृतीया, यदि पूर्वविद्धा हो, तो उसे त्याग देना चाहिए। भले ही वह भक्तिभाव से की जाए, फिर भी वह पूर्व में किए पुण्य कर्म को भी नष्ट कर देती है।' इस प्रकार वचनों से स्पष्ट है कि पूर्वविद्धा तिथि को किसी भी प्रकार से त्यागना आवश्यक है। यदि कलामात्र भी सूर्योदय में मिले तो भगवदावतार जयन्तियों का उत्सव उसी में करना उचित है। **अतः श्रीपरशुराम जयंती 30 अप्रैल 2025 को मनाया जाना शास्त्रसम्मत है।**

❋ **श्री जानकी नवमी** - वैशाख शुक्ल की सूर्योदयव्यापिनी नवमी में श्रीजानकी नवमी व्रत किया जाता है। पद्मपुराण में शिवजी ने कहा है, *वैशाखशुक्लपक्षे त्वष्म्यां संयमनं कुरु। परेद्युर्विकुरुष्वै तज्जानकीजन्मनो व्रतम्।।* व्रत से पूर्व वैशाख शुक्ल पक्ष की अष्मी को संयम करे। व परा नवमी में श्रीजानकी जन्मव्रत का पालन करे। अतः सूर्योदयव्यापिनी नवमी तिथि में व्रत का विधान पारंपरिक है। भविष्यपुराण में भी कहा है, ''*श्रीमार्कण्डेय उवाच,*

अष्म्यां यदि विद्धा स्यान्नवमी माधवे सिते । कुर्यान्निदं व्रतं तस्यां कृतञ्चेल्लयुनता भवेत् ।।
मध्याह्नव्यापिनी ग्राह्या व्रतेऽस्मिन्नवमी तिथिः। दिनद्वयगतायान्तु तस्यां कार्य्या परा नरैः ।।
एतैर्योगैर्विनापि स्यात् तद्दिनं पापनाशनम् । व्रतानां नित्यमाम्नातं कर्त्तव्यं व्रतमुत्तमम् ।।

भविष्यपुराण में श्री मार्कण्डेय जी ने कहा है, 'यदि नवमी तिथि अष्मी से विद्ध हो, तो उस दिन इस व्रत नहीं करना चाहिए क्योंकि विद्धा नवमी में किया गए व्रत का फल न्यून और दोषपूर्ण होगा। श्रीजानकी व्रत में नवमी मध्याह्नव्यापिनी ले पर यदि दो दिन नवमी हो, तो परदिन की शुद्ध नवमी में व्रत करे (दूसरे दिन व्रत करे)। यदि दूसरा दिन ऊपर बताए गए योगों से रहित हो अर्थात् मध्याह्नव्यापी न हो तो भी दूसरा दिन पापों का नाश करने वाला होता है। यह व्रत नित्य कहा गया है, और इस उत्तम व्रत का सदैव पालन करना चाहिए।

वैष्णवमताब्ज भास्कर में भी श्री रामानन्दाचार्य ने भी इसी मत का प्रतिपादन किया है। अतः इस वर्ष संवत् 2082 में 6 मई को जानकी नवमी का व्रत किया जाएगा।

❋ **श्रीनृसिंह जयंती** - भगवद् जयंती का व्रत सूर्योदयव्यापिनी तिथि में किया जाता है। अतः वैशाख शुक्ल चतुर्दशी 11 मई को श्रीनृसिंह जयंती का व्रत किया जाएगा। इस दिन प्रदोष में भी चतुर्दशी तिथि विद्यमान है।

❋ **रक्षाबन्धन** - संवत 2082 में श्रावण शुक्ल पूर्णिमा 9 अगस्त 2025 को है। रक्षाबन्धन श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को भद्रारहित अपराह्नकाल में कहा गया है। भद्रा में श्रावणी करने से राजा की हानि होती है। 'भद्रायां द्वे न कर्तव्ये श्रावणी फ़ाल्गुनी तथा। श्रावणी नृपतिं हन्ति ग्रामं वहति फाल्गुनी।।' - निर्णयसिन्धु। इस दिन दोपहर 13:18 तक पूर्णिमा रहेगी अतः **राखी बाँधने का शुद्ध मुहूर्त दोपहर 13:18 मिनट तक रहेगा।**

❋ **श्रीवराह जयंती** - भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को श्री वराह जयंती मनाई जाती है। इस वर्ष 26 अगस्त मंगलवार को हस्त नक्षत्र के शुभ संयोग में श्रीवराह जयंती का व्रत किया जाएगा।

❋ **श्रीमहागणपति चतुर्थी** - भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को मध्याह्न काल में श्रीगणेश जी का पूजन करना चाहिए। 27 अगस्त 2025 बुधवार को 13:52 तक चतुर्थी तिथि रहेगी, अतः मध्याह्न काल में बुधवार चित्रा नक्षत्र व शुभयोग के सुसंयोग में पूजन करना अति श्रेष्ठ रहेगा। **मुहूर्त: 11:12 से 13:45 तक**

❋ **शारदीय नवरात्र**- संवत 2082 में आश्विन शुक्ल प्रतिपदा 22 सितंबर 2025 को शारदीय नवरात्र आरम्भ होंगे। वैधृति एवं चित्रा रक्षित शुभमुहूर्त में कलशस्थापन होता है, व इस वर्ष आश्विन शुक्ल प्रतिपदा को सम्पूर्ण दिन चित्रा-वैधृति नहीं है। अतः घटस्थापना मुहूर्त निम्न दो मुहूर्त्त में की जाएगी-

सूर्योदय से 10 घटी पर्यन्त श्रेष्ठ - 06:17-10:17 **अभिजित काल** - 11:55-12:43

❋ **विजयादशमी-** *उदये दशमीकिञ्चित् सम्पूर्णैकादशी यदि श्रवणः यदा काले सा तिथिः विजयाऽभिधः ।।*

अन्यञ्च- इषस्य दशमी शुक्ला पूर्वविद्धा न कारयेत्। श्रवणेनापि संयुक्ता राज्ञां पट्टाभिषेचने ।।
सूर्योदये यदा राजन दृश्यते दशमी तिथिः । आश्विने मासि शुक्ले तु विजयां ता विदुर्बुधा ।।

विजयादशमी अपराह्नव्यापिनी श्रवण नक्षत्र युक्त ग्राह्य होने से इस वर्ष 2 अक्टू. को विजयादशमी, आयुधपूजन, राज्याभिषेक आदि शास्त्रानुसार होगा। दशहरा के दिन शमीवृक्ष पूजन से पाप, दुःस्वप्न का निवारण होता है।

❊ संवत् 2082 के व्रत पर्व निर्णय (30 मार्च 2025 से 19 मार्च 2026 तक) ❊

❊ **शरद पूर्णिमा–** शरदपूर्णिमा की चन्द्रकिरणों में खीर रखना, कोजागरी पूर्णिमा, महारास पूर्णिमा आदि कृत्य 6 अक्टूबर को करना शास्त्रसम्मत है।

❊ **धन त्रयोदशी–** कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन प्रदोषकाल में यमदीपदान करने से अपमृत्यु का नाश होता है। 18 अक्टूबर 2025 को धनतेरस के दिन प्रदोषकाल 17:51 से 20:15 तक है।

❊ **नरक चतुर्दशी–** कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को प्रदोषकाल में नरक नाश हेतु चार बत्ती संयुक्त दीपदान करना चाहिए, 19 अक्टूबर 2025 को प्रदोषकाल 17:50 से 20:14 तक है।

❊ दीपावली लक्ष्मी पूजन 20 अक्टूबर ❊

❊ दीपावली लक्ष्मी पूजन प्रदोष व्यापिनी अमावस्या को प्रदोषकाल में दीपदान उल्का प्रदर्शन करके श्रीमहालक्ष्मी का पूजन करें फिर प्रसाद भोजन ग्रहण करें। संवत 2082 में 20 अक्टूबर 2025 को 14:27 पर अमावस्या तिथि आरम्भ होगी जो 21 अक्टूबर को 15:56 पर ही समाप्त हो जाएगी अतः **20 अक्टूबर को ही प्रदोषकाल व्यापिनी अमावस्या होने से इसी दिन दीपावली पर्व होगा। पूरे देश में इसी दिन 20 अक्टूबर को दीपावली मनाई जाएगी, 21 अक्टूबर को दीपावली मनाना शास्त्रविरुद्ध है।** गत संवत 2081 में भी सूर्यसिद्धान्तीय पंचांगों के अनुसार एकमत से 31 अक्टूबर को ही निर्विवाद दीपावली होने से पूरे देश में 31 अक्टूबर को ही दीपावली मनाई गई थी। अधिकांश दृश्य पंचांगों में भी शास्त्रों के सूक्ष्म अध्ययनोपरांत 31 अक्टूबर का निर्णय मान्य किया गया था, वही विमर्श इस वर्ष भी मान्य है अतः बहुत से दृश्य पंचांगों ने गत वर्ष के विमर्श के आधार पर संशोधन करते हुए 20 अक्टूबर 2025 को ही दीपावली का निर्णय दिया है।

❊ **सर्वश्रेष्ठ प्रदोषकाल –**	17:49 – 20:13
❊ **स्थिर वृष लग्न –**	19:20 – 21:16
❊ **वृष में सिंह नवांश –**	19:29 – 19:40
❊ **वृष में वृष नवांश –**	20:06 – 20:18
❊ **रात्रिकालीन सिंह लग्न–**	01:50 – 04:07
❊ **मुख्य प्रदोषकाल –**	17:49 – 19:01
❊ **प्रदोषे वृषलग्न योग –**	19:20 – 20:13

दीपावली पूजन प्रदोषकाल में होता है अतः दिन में पूजन करने का कोई विधान/मुहूर्त नहीं है। चौघड़िया मात्र यात्रा का मुहूर्त है अतः पूजन में उसकी कोई उपयोगिता नहीं है।

❊ **गोवर्धन पूजा –** प्रायः दीपावली के अगले दिन ही गोवर्धन मनाया जाता है। यह अमावस्या युक्त प्रतिपदा गौक्रीड़ा गोवर्धन में ग्राह्य होती है। 21 अक्टूबर को 15:56 तक अमावस्या है व 22 अक्टूबर को 17:46 तक प्रतिपदा है। गौक्रीड़ा गोवर्धन उत्सव चन्द्रदर्शन निषेध होने से ही पूर्वविद्धा प्रतिपदा में कहा है, चन्द्र का स्थूल दर्शन द्वितीया की 12 घटी बाद होता है, व 22 अक्टूबर को चन्द्रदर्शन नहीं हो रहा है इसलिए पूर्वविद्धा का प्रसंग नहीं है। और स्कन्दपुराण में कहा है, जो प्रतिपदा तिथि दिनमान के पांच में से चौथे भाग अर्थात अपराह्न में हो तो निःसन्देह वही ग्रहण करे, 'प्रतिपत्संमुखी कार्या या भवेदपराह्निकी'। 21 अक्टूबर को अपराह्न में प्रतिपदा नहीं है, 22 अक्टूबर को ही अपराह्न व सायाह्न दोनों में प्रतिपदा है, व निर्णयसिन्धु में कहा है, 'प्रातर्गोवर्धनं पूजयेत्।' इस कारण **22 अक्टूबर को गोवर्धनपूजा अन्नकूट महोत्सव करना शास्त्रसम्मत रहेगा।**

गोवर्धन एवं गौ मंत्र

गोवर्धन धराधर गोकुल त्राणकारकः। बहुबाहुकृतच्छाय गां कोटि प्रदो भव।।
लक्ष्मीर्या लोकपालानां धेनुरूपेण संस्थिता। घृतं वहति यज्ञार्थे मम पापं व्यपोहतु।।

❊ **होलिकादहन –** फाल्गुन पूर्णिमा को भद्रा रहित प्रदोष काल होलिकादहन का मुख्यकाल है। यथा 'सा प्रदोष व्यापिनी भद्रा रहिता ग्राह्या'। होलिका दहन भद्रा, प्रतिपदा और चतुर्दशी में शास्त्रनिषिद्ध है। इस वर्ष 2 मार्च को 17:45 पर पूर्णिमा तिथि लगते ही भद्रा लगेगी जो अगले सूर्योदय पूर्व 05:25 तक रहेगी।

इस वर्ष फाल्गुन पूर्णिमा 3 मार्च को ग्रस्तोदित चन्द्रग्रहण है। निर्णयसिन्धु में कहा है कि पूर्णिमा को ग्रहण हो तो उससे पूर्वरात्रि में जिस समय भद्रा न हो उसमें होली जलाए। अगर दूसरे दिन ग्रस्तोदित चन्द्रग्रहण हो तो पिछले दिन भद्रारहित रात्रि के चौथे प्रहर में सूर्योदय से पहले या फिर रात्रि में भद्रा के पुच्छभाग में होली जलाए। *''तत्र ग्रहणनिर्णयः। अत्र चेच्चन्द्रग्रहण तदा ततोर्वाङ्गिनिशि भद्रावर्जं पौर्णमास्यां होलिकादीपनम्। अथ परेऽह्निग्रस्तोदयास्तदा पूर्वदिने भद्रावर्जं रात्रौ चतुर्थयामे विष्टिपुच्छे वा होलिका कार्या।''*

जयसिंह कल्पद्रुम में तो जयपुर की प्राचीन परंपरानुसार भविष्योत्तरपुराण के प्रमाण से *'भद्रान्ते सूर्योदयात् पूर्वे'* ही सर्वश्रेष्ठ माना है, *'यदा तु प्रदोषे पूर्वदिने भद्रा भवति परदिने चास्तात्पूर्वमेव पंचदशी समाप्यते तदा सूर्योदयात्पूर्वं भद्रान्तं प्रतीक्ष्य होलिका दीपनीया।'* अतः निर्णयसिन्धु के विकल्प से 2-3 मार्च की रात्रि में निम्न दो मुहूर्त्त में होलिका दहन शास्त्रसम्मत है–

भद्रापुच्छ – रात्रि में 01:16 – 02:25

भद्रावसाने सूर्योदयात् पूर्वे – 05:19 – 06:55

❊ **वर्षारम्भ तथा नवरात्र स्थापना–** अगले संवत 2083 की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का क्षय हो जाने से गुरुवार दिनांक 19 मार्च 2026 रौद्र नाम संवत्सर का प्रारम्भ होगा। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा क्षय होने से दोनों दिन उदयकाल में अव्याप्ति है अतः पूर्वदिन ही वर्षारम्भ होगा। यह चान्द्रवर्ष होता है– *तत्रौदयिकी प्रतिपद् ग्राह्या। दिनद्वये उदयव्याप्तौ अव्याप्तौ वा पूर्वा (धर्मसिन्धु, परिच्छेद 2, वर्षनिर्णय)।*

इस दिन प्रत्येक घर में ध्वजारोहण नवीन निम्बदल भक्षण, पञ्चांग श्रवण करना चाहिए। इसी दिन वासंतिक नवरात्र प्रारम्भ होंगे क्योंकि घटस्थापना प्रतिपदा में ही संभव है। इस वर्ष चित्रा नक्षत्र एवं वैधृति योग नहीं है। चौघड़िया देखकर स्थापना करना अशास्त्रीय है। घटस्थापना मुहूर्त–

सूर्योदय/प्रतिपदा से 10 घटी पर्यन्त श्रेष्ठ – 07:02–10:38

अभिजित काल – 12:11–12:59

।। श्रीसर्वेश्वरो जयति ।।

स ईश्वरो व्यष्टिसमष्टिरूपोऽव्यक्तस्वरूपःप्रकटस्वरूपः। सर्वेश्वरः सर्वगः सर्ववित्ता समस्तशक्तिः परमेश्वराख्यः।।
नतोऽस्मि सर्वेश्वरमादिदेवं प्रपन्नसंरक्षणबद्धकक्षम्। कारुण्यवात्सल्यदयादिसिन्धुं जगद्गुरुं ब्रह्मशिवादिवन्द्यम्।।
विश्वरूप जयादित्य जय विष्णो जयाच्युत । जय केशव ईशान जय कृष्ण नमोऽस्तु ते ।।
जयस्व सर्वेश्वर विश्वमूर्त्ते सुरासुरैर्वन्दितपादपीठ । त्रैलोक्यमातुर्गुरवे वृषाङ्क भीतः शरण्यं शरणागतोऽस्मि।।
कालरूपं कलयतां कालकालेश कारण। कालादतीत कालस्य कालकाल नमोऽस्तु ते।।
प्रतिपन्मुख्यराकान्त तिथिमण्डलपूजिता। कलात्मिका कलानाथा काव्यालापविनोदिनी।
कलाकाष्ठादिरूपेण परिणामप्रदायिनी । विश्वस्योपरतौ शक्ते नारायणि नमोऽस्तु ते ।।
जयादित्य जय स्वामिञ्जय भानो जयामल । जय वेदपते शश्वत्तारयास्मानहर्पते ।।
लव निमेष परमानु जुग बरष कलप सर चण्ड। भजसि न मन तेहि राम को कालु जासु कोदण्ड।।
नियमेन यदानन्दो जगद्भासयतेऽखिलम् । तमहं नियमानन्दं वन्दे कृष्णं जगद्गुरुम् ।।
साङ्गोपाङ्गाय वेदाय ज्योतिषां ज्योतिषे नमः। सूर्याय सूर्यसिद्धान्तज्योतिर्विद्भ्यो नमो नमः।।

स्वस्ति श्रीः सूर्यसिद्धान्तमतेन समस्तजगदुत्पत्ति स्थिति लय नियमन-ज्ञानाज्ञानबन्धमोक्षकारणस्य स्वाभावतोऽपास्तसमस्तदोषोऽनन्ताचिन्त्य विचित्रयावदात्म-वृत्तिस्वाभाविककल्याणगुणशक्तिवैभवाश्रयो जगज्जन्मादिहेतुरखिलशास्त्रैकवेद्यो मुक्तप्राप्यः परब्रह्मभगवदादिशब्दाभिधेय श्चिदचित्पदार्थभिन्नाभिन्नसंबन्धाश्रयः श्रीपुरुषोत्तमोरमानिवास श्रीमहाविष्णोर्नाभिकमलोद्भवस्य चतुर्मुखब्रह्मणः परमायुः वर्षशतम्। तत्र पूर्वार्धं गतम्। उत्तरार्धे प्रथमवर्षे प्रथममासे प्रथमदिने श्वेतवराहकल्पसंज्ञे प्रथमकल्पे अह्नि त्रयोदशघटिकाः द्विचत्वारिंशत् पलानि च व्यत्यायन्। कृतत्रेताद्वापरकलियुगैरेकं महायुगं भवति। तैरेकसप्ततिमहायुगैः एकं मन्वन्तरम् । तैश्चतुर्दशभिरेकः कल्पः। तत् ब्रह्मणो दिनम्। तावती रात्रिः। एतादृशैः षष्ट्यधिकशतत्रयदिवसैरेकः ब्रह्मणो वर्षः। वर्तमानब्रह्मणो दिनमध्ये षण्मनवो गताः। इदानीं वर्तमानः सप्तमो वैवस्वतो मनुः। वैवस्वतमन्वन्तरेऽपि एकसप्ततिमहायुगमध्ये सप्तविंशतिमहायुगानि गतानि। अष्टाविंशतितमेऽपि महायुगे कृतत्रेताद्वापराख्यास्त्रयो युगपादाः गताः। कलियुगेऽपि 5125 वर्षाः गताः।।

महायुगप्रमाणम् - 43 लक्ष 20 सहस्रवर्षाः ।
कृतयुगप्रमाणम् - 17 लक्ष 28 सहस्रवर्षाः । **त्रेतायुगप्रमाणम्** - 12 लक्ष 96 सहस्रवर्षाः।
द्वापरयुगप्रमाणम् - 8 लक्ष 64 सहस्रवर्षाः । **कलियुगप्रमाणम्** - 4 लक्ष 32 सहस्रवर्षाः।
कल्पादितः - 1972949126 वत्सराव्यतीताः । **सृष्ट्यादितश्च** - 1955885126 ।
श्रीरामरावणयोर्युद्धतो गताब्दाः - 880167 । **श्रीकृष्णावतारतो गताब्दाः** - 5251 ।
कुरुपाण्डवयुद्धतो गताब्दाः -5126 । **सम्राट-युधिष्ठिर राज्यात्संवत्** 5162 ।
सम्राट-विक्रमादित्य राज्यात्संवत् 2082 । **शाके** 1947 । **अंग्रेजी सन्** 2025-26 ई. ।
तत्र चैत्रशुक्लप्रतिपत् **2082** तिथिमारभ्य गुरुमानेन प्रभवादि षष्ट्यब्दानां मध्ये रूद्रविंशतिकायां

सिद्धार्थ नाम संवत्सरारम्भः ।

❊ सिद्धार्थ नाम संवत्सर एवं वर्षेशादि फल ❊

श्री शुभसंवत् 2082, शक 1946, कलियुगाब्दारम्भ 5126,
(30 मार्च 2025 से 19 मार्च 2026 तक)

❊❊ सिद्धार्थ संवत्सर का स्वरूप ❊❊

समुद्रतीरेसन्ध्यायां स्नात्वासूर्यसंमुखः। तिष्ठन् ध्यायन् जपन् वर्णीश्वेतः सिद्धार्थिवत्सरः।।

सन्ध्या के समय समुद्र के तट पर स्नान करके श्वेत वस्त्र धारण किए हुए सिद्धार्थ सम्वत्सर सूर्य के सम्मुख बैठकर ध्यानावस्था में जप करता है।

❊❊ सिद्धार्थ सम्वत्सर के अधिष्ठातृ देव भगवान् श्री बुद्ध का ध्यान ❊❊

सिद्धार्थिकृतनामानं बुद्धाकृतिमहं भजे। नग्नं विरूपवपुषं स्त्रीप्रधर्षण कारणम्।।

मैं सिद्धार्थ नाम धारण करने वाले बुद्ध की वंदना करता हूँ, जो अपनी साधना के परिणामस्वरूप सांसारिक वस्त्र-आभूषणों से मुक्त दिगम्बर अवस्था और अवधूत स्वरूप होने के कारण स्त्रियों के प्रधर्षण का कारण बनते हैं।

❊❊ सिद्धार्थ संवत्सर का फल ❊❊

सिद्धार्थवत्सरे भूपा ज्ञानवैराग्यभागिनः। सन्त्यथापि च सस्यानि प्रचुराणि तथा गदाः।।
सुघातलमखिलं यद्बहुविध धान्यर्घ सम्पूर्णम्। विविधामयसर्पभयं वर्षे सिद्धार्थसंज्ञे च।।

सिद्धार्थ संवत्सर में राजा तथा प्रजा दोनों में ज्ञान वैराग्य का प्रकाश दिखाई देता है। सारी पृथ्वी विशेष अन्न से पूर्ण होकर सुंदर दिखती है। सिद्धार्थ संवत्सर में कृषियोग्य वर्षा होगी। धनधान्य से पृथ्वी परिपूर्ण रहेगी। जनता में प्रसन्नता होगी। पर अनेक प्रकार के रोग से लोग पीड़ित होंगे।

❊❊ सिद्धार्थ संवत्सर में उत्पन्न जातकों के गुण ❊❊

उदारचेता विलसत्प्रसादो रणांगणप्राप्तयशाः सुखी स्यात् ।
नरेन्द्रमंत्री बहुपूजितार्थः सिद्धार्थिजातो मनुजः समर्थः ।।
वेदशास्त्रप्रभावज्ञः शुद्धचित्तश्च कोमलः ।
सुकुमारो नृपैः पूज्यः कविः सिद्धार्थिजो नरः ।।

सिद्धार्थ संवत्सर में जन्म लेने वाला जातक उदार हृदय, प्रसन्नता और अनुग्रह से युक्त होता है, वह रणभूमि में यश प्राप्त करता है और सुखी होता है। वह राजा या मंत्री होता है, बहुत लोगों द्वारा पूजनीय और सर्वसमर्थ होता है। वह वेद और शास्त्रों के तत्त्व को जाननेवाला, शुद्ध हृदय, मृदु स्वभाव, सुकुमार शरीर, राजाओं से आदर पानेवाला और कवि होता है।

राजा सूर्य

मन्त्री सूर्य **शस्येश गुरु** **धान्येश मंगल** **मेघेश सूर्य** **रसेश शुक्र**
नीरसेश बुध **फलेश शनि** **धनेश सूर्य** **दुर्गेश सूर्य**

❋ संवत्सर 2082 की राज परिषद् ❋

❋❋ राजा सूर्य ❋❋

अब्दाधिपे दिनपतौ खलु मध्यवृष्टिर्मंदप्रभर्क्ष गणशीतकरं नयश्च ।
हन्तुं सपत्न विषयान्निखिलक्षितीशा निन्त्यं चरन्ति भूवि भूरिबलं वृताश्च।। (वशिष्ठ सं.पृ68 श्लो11)

इस वर्ष सूर्य के शासक होने से अल्पवृष्टि, धान्य की उपज में न्यूनता, औसत दुग्ध उद्योग में तथा फलादि खाद्य पदार्थों में कमी रहेगी। चोरी, लूट, अपहरण जैसी अनेक घटनाएँ होंगी। उच्च स्तरीय नेता का वियोग होगा। पित्त, ज्वर एवं अतिसारादि रोगों से लोग अधिक पीड़ित रहेंगे। राष्ट्रविरोधियों को तथा अपराधियों को समाप्त करने के लिए सम्पूर्ण विश्व के उच्च स्तरीय नेता एवं प्रशासक एकजुट होंगे।

❋❋ मन्त्री सूर्य ❋❋

नृपभयं गदतोपि हि तस्करात्प्रचूर धान्य धनादि महीतले।
रसचयं नहि समर्घतम तदा रविरमात्य पदं हि समागते।

इस वर्ष सूर्य के मंत्री होने से प्रजा में राजभय व्याप्त, अनेक प्रकार के रोगों से लोगों में व्याकुलता, प्रजा में चोरी, लूट आदि निंदनीय कार्यों से भय व्याप्त रहेगा। तरल पदार्थों के संग्रह से वृद्धि होगी। धन-धान्यादि की औसत उपज अधिक होगी।

❋❋ शस्येश बृहस्पति ❋❋

सस्यपतौ त्रिदशगुरौ बहुविधसस्यार्घ सम्पूर्णम्।
द्विज सज्जन पशुवृद्धि कानन फलपुष्प तोय जन्तूनाम्।

सस्येश इस वर्ष बृहस्पति के सस्येश होने से प्रजा में सात्विक प्रवृत्ति की अधिकता, वैदिक धर्म तथा सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार होगा जो जगत के लिए मंगलदायक रहेगा। वर्षा अधिक होगी। अनेक प्रकार के अन्नों से पृथ्वी परिपूर्ण रहेगी।

❋❋ मेघेश सूर्य ❋❋

जलदये यादि वासरपे तदा सरसिवैरमते जनता रसम् ।
यव चणेक्षुनिवार सुशालिभिः सुखचयं सुलभं भूवि वर्तते ।।

इस वर्ष सूर्य के मेघेश होने से जौ, चना, दलहन, तिलहन, चावल, सावाँ कोदो आदि की उपज अच्छी होगी। पृथ्वी पर सुख एवं शान्ति की वृद्धि होगी।

❋❋ धान्येश मंगल ❋❋

भूमिजे ग्रीष्म धान्येशे ग्रीष्म शालीक्षुघृततैलादिमहर्घाणि भवन्ति च ।

इस वर्ष मंगल के धान्येश होने से ग्रीष्म धान्य, चावल, गन्ना, घृत, तैल एवं तरल पदार्थों में तेजी का रुख रहेगा।

❋❋ रसेश शुक्र ❋❋

यजन याजन कोत्सुकाः जनपदाजलतोषित मानसः ।
सुखसुभिक्षु ममोदवती धरा धरणिया हतपापगया प्रिया ।।

रसेश इस वर्ष शुक्र के रसेश होने से लोगों में सत्प्रवृत्ति की भावना अधिक रहेगी। यज्ञ, याजन तथा अनेक प्रकार के उत्सवों की प्रचुरता होगी। जनता में प्रसन्नता एवं संतोष अधिक रहेगा। देश के शीर्षस्थ नेताओं में विवाद की स्थिति अधिक रहेगी।

❋❋ नीरसेश बुध ❋❋

चित्रवस्त्रादिकं चैव शंख चन्दन पूर्वकम् ।
अर्घवृद्धिः प्रजायेत नीरसेशो बुधो यदि ।।

इस वर्ष बुध के नीरसेश होने से छींटदार, धारीदार वस्त्र एवं शंख, चंदन आदि में औसत मंदी रहेगी।

❋❋ फलेश शनि ❋❋

यदि शनिः फलपः फलहा भवेज्जनित पुष्पगणस्य दमः सदा।
हिमभयं वर तस्करः जन्तुभिः जनपदो गद राशि महाकुलः ।।

इस वर्ष शनि के फलेश होने से फलदायी वृक्षों के पुष्पों का पतन अधिक मात्रा में होगा। जिसके कारण फलों के लिए क्षतिकारक रहेगा। अधिक हिमपात होने से, धन-धान्य की क्षति एवं प्रजा में भय व्याप्त रहेगा। अनेक प्रकार के रोगों से लोग पीड़ित रहेंगे। चोरों का भय व्याप्त रहेगा।

❋❋ दुर्गेश सूर्य ❋❋

नय विशेषकरस्तरविस्तदा प्रतभयानरराज पुरोगमा ।
समधिकोन तदा नृपजोन्यजः स्वपव्यजं व्रजतां न भयं क्वचित् ।।

दुर्गेश इस वर्ष सूर्य के दुर्गेश होने पर राजनेता सदा न्याय की बातें करेंगे। न्यायपूर्वक कार्य न होने पर जनता निर्भय होकर अपनी-अपनी बातें राजनेता तक रखेंगे। प्रजा तथा न्यायाधीश राजनेताओं का साथ देंगे।

❋❋ धनेश सूर्य ❋❋

कृषक द्रविणपो हियरश्मिसुतो यया विविध कृषिविशेष विशेषितः मानसाः ।
द्विजवराजय यज्ञसुसंयुता संग्रह वस्तु फलार्थदा ।

धनेश इस वर्ष सूर्य के धनेश होने से वस्तुओं के संग्रह कर विक्रय से लाभ, विप्रगण योजना कराने में तत्पर रहेंगे अर्थात लोगों में सात्विकता की अधिकता रहेगी। कृषि कार्य से अधिक लाभ होगा।


❋ अथोत्पात फलज्ञानाय चतुर्विधमण्डलम् ❋

अग्निमण्डल	वारुणमण्डल	वायुमण्डल	चन्द्रमण्डल
कृत्तिका	मूल	पुनर्वसु	अभिजित
भरणी	आश्लेषा	उत्तराफाल्गुनी	उत्तराषाढ़ा
पुष्य	शतभिषा	अश्विनी	अनुराधा
मघा	आर्द्रा	हस्त	श्रवण
पूर्वाभाद्रपद	रेवती	चित्रा	धनिष्ठा
विशाखा	उत्तराभाद्रपद	स्वाती	ज्येष्ठा
पूर्वाफाल्गुनी	पूर्वाषाढ़ा	मृगशिरा	रोहिणी
अशुभ	**शुभ**	**अशुभ**	**शुभ**

भूकम्पादिमहोत्पातो जायते यत्र मण्डले ।
तत्तत्स्वभावजं द्रव्यं जन्तून् देशांश्च पीडयेत्।।
अत्र वायव्याग्निमण्डलावनिष्टाविति ।


ब्रह्मा विंशति		विष्णु विंशति		रूद्र विंशति	
प्रभव	ईश्वर	सर्वजित	हेमलम्बी	प्लवंग	पिंगल
विभव	बहुधान्य	सर्वधारी	विलम्बी	कीलक	कालयुक्त
शुक्ल	प्रमाथी	विरोधी	विकारी	सौम्य	**सिद्धार्थ**
प्रमोद	विक्रम	विकृत	शार्वरी	साधारण	रौद्र
प्रजापति	वृष	खर	प्लव	विरोधकृत	दुर्मति
अंगिरा	चित्रभानु	नन्दन	शुभकृत	परिधावी	दुन्दुभि
श्रीमुख	सुभानु	विजय	शोभन	प्रमादी	रूधिरोद्गारी
भाव	तारण	जय	क्रोधी	आनन्द	रक्ताक्ष
युवा	पार्थिव	मन्मथ	विश्वावसु	राक्षस	क्रोधन
धाता	अव्यय	दुर्मुख	पराभव	अनल	क्षय

❊जयपुर केन्द्रित वर्षलग्न एवं जगल्लग्न का सामान्यफल ❊



जगल्लग्न

दिनांक- 14 अप्रैल 2025
समय- 05:37
स्थान- श्रीगोविन्ददेवजी, जयपुर



वर्षलग्न


दिनांक- 29 मार्च 2025
समय- 16:56
स्थान- श्रीगोविन्ददेवजी, जयपुर

संवत् 2082 के वर्षलग्न सिंह एवं जगल्लग्न मीन हैं। संवत्सर के दशाधिकारियों में छः पाप ग्रह एवं चार शुभ ग्रह हैं। मुख्य पद राजा सूर्य, मंत्री सूर्य एवं दुर्गेश सूर्य है। जगल्लग्नाधिपति बृहस्पति एवं वर्षलग्नाधिपति सूर्य दोनों परस्पर मित्र हैं। दशाधिकारी वर्षलग्न की ग्रह स्थिति एवं जगल्लग्न की ग्रह स्थिति के अनुसार राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार परस्पर मिलकर देश के विकास के लिए कार्य करते रहेंगे। दशाधिकारियों में अधिक पाप ग्रह हैं अतः केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार के किये गए देश के विकास कार्यों में विपक्षी दल अवरोध उत्पन्न करते रहेंगे। जिससे देश की क्षति एवं देश की प्रजा में असंतोष व्याप्त रहेगा। विपक्षी दल सत्ता प्राप्ति के लिए किसी भी सीमा तक जा सकते हैं।

विकसित देशों में सत्ता परिवर्तन होगा। देश के पश्चिम एवं पूर्वोत्तर के राज्यों में सामाजिक एवं जातीय संघर्ष होगा। देश में उच्च स्तरीय शिक्षण संस्थान, चिकित्सालय एवं धार्मिक संस्थानों के निर्माण कार्य होंगे। युवाओं के रोजगारपरक अनेक कार्य किए जायेंगे। देश की निर्धनता कम करने का प्रयत्न किया जायेगा। देश में महिला सशक्तीकरण हेतु अनेक रोजगारपरक कार्य किये जायेंगे। देश-विदेश की सीमाओं पर तनाव की स्थिति बनी रहेगी। देश-विदेश के शेयर बाजार में तेजी का रुख बना रहेगा। विदेशी मुद्राओं पर समय-समय पर उतार-चढ़ाव की स्थिति रहेगी। देश की आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी।

देश में कुत्सित राजनैतिक, अराजकता, आतंकी, हिंसक, घटनाएं अधिक एवं बैंकों की स्थिति कमजोर रहेगी। देश में दैवीय प्रकोप होंगे जिससे जन-धन की क्षति होगी। देश के राजनीतिक क्षेत्र में अनेक परिवर्तन देखे जायेंगे। दशाधिकारियों में अधिक पाप ग्रह होने से देश में लूटपाट, भ्रष्टाचार, चोरी आदि में अधिकता देखी जायेगी। देश में औसत शिक्षा-स्वास्थ्य, धार्मिक स्थल के विकास, पर्यटन के क्षेत्र में अधिक कार्य होंगे। रजत, स्वर्ण में तथा इनसे निर्मित वस्तुओं में औसत तेजी रहेगी। पेट्रोल, डीजल एवं तरल पदार्थों में तेजी रहेगी।

❊ सूर्य आर्द्रानक्षत्र प्रवेश सामान्य फल ❊



सूर्य आर्द्रा नक्षत्र प्रवेश

दिनांक- 22 जून 2025, समय- 14:46
स्थान- श्रीगोविन्ददेवजी, जयपुर

इस वर्ष आषाढ़ कृष्ण तिथि द्वादशी रविवार भरणी नक्षत्र, सुकर्मा योग, कौलव करण, तुला लग्न, मेषराशि दिवा 14:46 पर सूर्य आर्द्रा में प्रवेश करेगा। आर्द्रा प्रवेश लग्न के ग्रहों की स्थिति के अनुसार वायु के साथ खंडवृष्टि होगी। देश के पश्चिमोत्तर भाग में चक्रवाती प्रकोप अधिक रहेगा। वर्षा की अधिकता रहेगी। देश के पूर्वी भाग में कुछ क्षेत्रों में शुष्कता से फसल की क्षति होगी। देश के पूर्व दक्षिण भाग में वर्षा में न्यूनता रहेगी। तटीय भूभाग में तूफान का प्रकोप रहेगा। आकाशीय विद्युत, चक्रवात, दैवीय प्रकोप आदि से जन-धन की क्षति होगी। रोग-व्याधि की अधिकता रहेगी। प्रजा में असंतोष रहेगा। देश के उच्च स्तरीय राज्य तथा केन्द्र नेताओं में समय-समय पर युद्ध जैसी स्थिति बनी रहेगी। जो देश के लिए शुभ नहीं रहेगा। चोरी, लूट, अपहरण, बलात्कार जैसी घटनाएँ औसत से अधिक रहेंगी।

❊ स्तम्भ विचार ❊

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र, वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र है अतः इस संवत् में जल स्तम्भ व तृण स्तम्भ हैं। ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिरा नक्षत्र व आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र होने के कारण वायु स्तम्भ व अन्न स्तम्भ है, अतः इस वर्ष चार स्तम्भ हैं। यह वर्ष उत्तम फल वाला रहेगा। इस वर्ष वर्षा, घास, जड़ी बूटियां, वायु व अनाज संतोषप्रद रहेंगे।

नतोऽस्मि सर्वेश्वरमादिदेवं प्रपन्नसंरक्षणबद्धकक्षम्।
कारुण्यवात्सल्यदयादिसिन्धुं जगद्गुरुं ब्रह्मशिवादिवन्द्यम्।।

❊ अग्नि-वास चक्र ❊


शु.प. तिथि	कृ.प. तिथि	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
1, 9	2, 10	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
2, 10	3, 11	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
3, 11	4, 12	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
4, 12	5, 13	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
5, 13	4, 14	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
6, 14	7, 30	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
7, 15	8	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
8	1, 9	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी

❊ शिव-वास ❊


शु.प. तिथि	कृ.प. तिथि	शिव वासम्	फलम्
1, 8,	7, 14	श्मशाने	मृत्युः
2, 9	1, 8,	गौरीसन्निधौ	शुभम्
3, 10	2, 9	सभायाम्	तापकारक
4, 11	3, 10	क्रीडायाम्	विशिष्टकष्ट
5, 12	4, 11	कैलाशे	सुखम्
6, 13	5, 12	वृषे	श्री प्राप्तिः
7, 14	6, 13	भोजने	कष्टप्राप्तिः

❊भारतदेशीय विदिशा केन्द्रित सौर वर्षप्रवेश कुण्डली का सामान्यफल संवत् 2082 ❊

(30 मार्च 2025 से 19 मार्च 2026 तक) **– मुदित मित्तल, सम्पादक**




सौर वर्ष प्रवेश राशिचक्र



सौर वर्ष प्रवेश भावचलित चक्र

दिनांक- 14 अप्रैल 2025, समय- 05:37

स्थान- विदिशा, मध्यप्रदेश, अक्षांश 23:31:19 उ., रेखांश 77:48:39 पू.



सम्वत 2082 के मेषारम्भ में मेरुपर्वत आधारित कुंडली में भारतवर्ष वृष राशि व चतुर्थ भाव में पड़ रहा है। व कश्मीर का हिस्सा पंचम भाव में पड़ रहा है। चतुर्थेश शुक्र द्वितीय भाव में स्वगृही लग्नेश शनि के नियंत्रण में है। अतः यह वर्ष भारत की अर्थव्यवस्था की दृष्टि से अच्छा रहेगा। भारत की धन संपत्ति बढ़ेगी और अंतराष्ट्रीय स्थिति मजबूत होगी।

सूर्य के मेष राशि में प्रवेश के समय भारत के विदिशा से मेषारम्भ कुण्डली पर आधारित संक्षिप्त वर्षफल दिया जा रहा है। भारतवर्ष की मेषारम्भ कुण्डली में लग्नेश गुरु तृतीय भाव में है जिससे भारत का साहस बढ़ा चढ़ा रहेगा व कठोर निर्णय लिए जाएंगे। अंतराष्ट्रीय मंचों पर भारत अपनी बात प्रखरता से विश्व के सामने रखेगा। देश के प्रशासनिक अधिकारी सरकार के प्रति अधिक सहयोगी रहेंगे।

धनेश और भाग्येश मंगल इस वर्ष पंचम भाव में नीच के हैं, अतः देश में धर्म के नाम पर पाखण्डियों को अपनी रोटियाँ सेंकने का मौका मिलेगा और वो धर्म को हानि पहुँचाने की चेष्टा करते रहेंगे लेकिन धर्म भाव पर शुभ बृहस्पति की दृष्टि, और मंगल स्वयं पंचम भाव में होने से, धर्म को कुछ-कुछ सहायता भी मिलेगी।

बुध शुक्र शनि और राहु एक साथ द्वादश भाव में हैं। यह अशुभ परिस्थिति है। जातक में यह संन्यास / प्रव्रज्या का भी योग कहा है। शनि आयेश हैं अतः राष्ट्रीय आय की व्यर्थ में हानि होगी। शुक्र तृतीय-अष्टम भाव के स्वामी हैं, अतः विपरीत राजयोग बना रहे हैं पर शनि के पूर्ण नियंत्रण में हैं। अतः भारत को विपरीत परिस्थितियां भी झेलनी पड़ेंगी लेकिन अच्छा परिणाम भी होगा। देश को महिलाओं द्वारा उपलब्धि हासिल होगी। देश में विदेशी हस्तक्षेप बढ़ाने के षड्यंत्रों में बढ़ोतरी होगी। यह राष्ट्र की स्थिरता और शांति में विघ्नबाधा करेगा। पंचमेश चन्द्रमा मृत्यु भाव में हैं। कुल मिला कर इस वर्ष की कुण्डली के अनुसार भारत के लिए वर्ष में अवरोध दिखाई दे रहे हैं। धन संपत्ति बढ़ने के साथ ही देश में आर्थिक हानि होने से राजकोष को घाटा होगा, देश में आन्तरिक कलह फ़फ़साद का योग बना रहेगा परन्तु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत कड़ाई से शत्रुओं का सामना करेगा व अपनी शक्ति बढ़ाने में सफलता प्राप्त करेगा।

देश के लिए विशेष रूप से शुभदायक व अशुभ समय की जानकारी दी जा रही है। 2025 में 25 अप्रैल से 3 मई तक का समय शुभ, 4-5 मई अशुभ, 6 से 31 मई तक शुभता बढ़ेगी जिसमें 27-31 मई विशेष शुभ है। इसके बाद 1 जून से 22 जून तक शुभता घट रही है जिसमें 17 से 22 जून विशेष अशुभ हो सकता है। 23 जून से 17 सितंबर तक का समय सामान्य है जिसमें 20 से 28 जुलाई विशेष शुभ, इसके बाद 17 से 20 अगस्त विशेष शुभ, 13 से 17 सितंबर विशेष शुभ है।

18 सितंबर से 8 अक्टूबर का समय कंटकाकीर्ण है। 9 से 24 अक्टूबर शुभ समय है। 25 अक्टूबर से 2 नवंबर कमजोर समय है। 3 नवंबर से 4 दिसंबर का समय कुछ अवरोधों के साथ सामान्य विकास का है। 5 से 9 दिसंबर का समय विशेष अशुभ है। 10 से 12 दिसंबर का समय शुभ है। 13 दिसंबर से 31 दिसंबर का समय गिरावट व अवरोधों का है। 1 जनवरी 2026 से लेकर वर्षान्त 19 मार्च 2026 तक का समय शुभतापूर्ण विकास का है, इसमें देश को कम उतार चढ़ाव देखने को मिलेंगे।

इस वर्ष में शनि का फल प्रायः सम रहेगा। बृहस्पति का फल 14 अप्रैल से 10 मई तक सामान्य, 11 मई से 5 जून तक विशेष शुभ, 6 जून से 23 जून तक सम, 24 जून से 3 अक्टूबर तक शुभ, 4 अक्टूबर को अशुभ, 5 अक्टूबर से 23 दिसंबर तक शुभ, इस दौरान 9 से 15, 17 से 24 अक्टूबर तक विशेष शुभ, 5 से 11, 14 से 20 नवंबर तक विशेष शुभ, 3 से 8, 11 से 18 दिसंबर तक विशेष शुभ रहेगा। 24 दिसंबर से 19 मार्च 2026 तक निम्न रहेगा।

8 जून से 29 जुलाई 2025 तक मंगल का विशेष फल देखने को मिलेगा। 30 अक्टूबर से 10 दिसंबर तक मंगल का बहुत कमजोर फल मिलेगा। 18 जुलाई से 17 सितंबर तक सूर्य का विशेष शुभफल देखने को मिलेगा। 18 सितंबर से 18 नवंबर तक सूर्य कमजोर रहने से निम्न फल रहेगा। 5 जून से 30 अगस्त तक बुध कमजोर रहने से निम्नफल देखने को मिलेगा। 1 जून से 27 जुलाई व 22 अगस्त से 10 अक्टूबर तक शुक्र कमजोर रहेगा।

गत वर्ष कालयुक्त नामक संवत्सर के देवता भगवान श्री कल्कि थे, जिसका विवरण केवल श्रीसर्वेश्वर जयादित्य पंचांग में दिया गया था। श्रीकल्कि विष्णु मंदिर सम्भल को तोड़कर औरंगजेब ने ढांचे का निर्माण किया था। इस वर्ष श्री कल्कि जन्मभूमि हरिहर मंदिर का मामला पुनः प्रकाश में आया और न्यायालय ने सर्वे के आदेश भी जारी किए। सिद्धार्थ संवत्सर 2082 के देवता श्री बुद्ध हैं अतः इस वर्ष श्री बुद्ध व उनके मंदिरों से संबंधित उल्लेखनीय घटना घटित होने की संभावना है।

सिद्धार्थ संवत्सर में राजा तथा प्रजा दोनों में ज्ञान वैराग्य का प्रकाश दिखाई देता है। सारी पृथ्वी विशेष अन्न से पूर्ण होकर सुंदर दिखती है। सिद्धार्थ संवत्सर में कृषियोग्य वर्षा होगी। धनधान्य से पृथ्वी परिपूर्ण रहेगी। जनता में प्रसन्नता होगी। पर अनेक प्रकार के रोग से लोग पीड़ित होंगे।

सिद्धार्थ संवत्सर में जन्म लेने वाला जातक उदार हृदय, प्रसन्नता और अनुग्रह से युक्त होता है, वह रणभूमि में यश प्राप्त करता है और सुखी होता है। वह राजा या मंत्री होता है, बहुत लोगों द्वारा पूजनीय और सर्वसमर्थ होता है। वह वेद और शास्त्रों के तत्त्व को जाननेवाला, शुद्ध हृदय, मृदु स्वभाव, सुकुमार शरीर, राजाओं से आदर पानेवाला और कवि होता है।

ग्रह गोचर अनुसार 2025-2026 में तेजी मन्दी का विचार

- अंकुर अग्रवाल, ज्योतिषाचार्य, श्रीगंगानगर

1 फरवरी उपरांत शेयर बाजार में मंदी की संभावना है। 20 फरवरी उपरांत अनाज एवं रुई बारदाना में तेजी एवं सोना चांदी में अस्थिरता होने की संभावना है एवं उत्तर भारत में ओलावृष्टिकी संभावना है। 25 फरवरी से सर्द हवाओं में वृद्धि की संभावना है। 28 फरवरी उपरांत रुई सूती वस्त्र इत्यादि में सामान्य तेजी की संभावना है। 12 मार्च उपरांत घी शक्कर चीनी चावल में तेजी एवं रुई में मंदी की संभावना है। 27 मार्च उपरांत अनाज एवं नेस्ले इत्यादि मिल्क प्रोडक्ट्स शेयरों में तेजी एवं उत्तर भारत में वर्षा की संभावना है।

8 अप्रैल उपरांत शेयर बाजार में मंदी की संभावना है जो कि मई महीने तक रहने के आसार हैं। 3 जून से शेयर मार्केट में अच्छी तेजी की संभावना है जो कि 19 जुलाई तक रहने के आसार हैं। 19 जुलाई से 10 नवंबर तक शेयर बाजार में सामान्य मंदी रहने की संभावना बन रही है। नवंबर माह में केतु से संबंधित बड़ी घटनाएं होने की संभावना बन रही बन रही है। 10 नवंबर से रुई में सामान्य तेजी की संभावना है। 13 नवंबर से तेल तिलहन में मंदी की संभावना है। 22 नवंबर से शेयर बाजार में तेजी के साथ फसल हानि की संभावना बन रही है। 27 नवंबर से उत्तर दिशा के देशों में युद्ध की परिस्थिति बनने की संभावना है। दिसंबर 2025 एवं जनवरी 2026 में बाजार स्थिर रहने की संभावना है। 14 फ़रवरी 2026 से शेयर बाजार एवं धान्यों में तेजी की संभावना है। 6 मार्च 2026 से शेयर बाजार में बड़े उछाल की संभावना बन रही है जो एक सप्ताह तक ही सीमित रहने के आसार हैं इसके उपरांत सामान्य रूप तेजी 24 अप्रैल तक रहने के आसार हैं।

सोना एवं चाँदी की स्थिति का विचार

1 से 9 फरवरी 2025 में मंदी की संभावना है। 20 से 23 मार्च तक तेजी की संभावना है। 26 से 29 मार्च 2025 में सोना एवं तांबा धातु में तेजी की संभावना है। 8 से 14 अप्रैल तक सोना चांदी में मंदी की संभावना बन रही है। 9 से 12 अगस्त तक चांदी में मंदी की संभावना बन रही है। 11 से 17 नवंबर 2025 तक तेजी की संभावना बन रही है। 24 से 30 नवंबर 2025 तक तेजी की संभावना बन रही है। 14 से 19 फरवरी 2026 तक तेजी की संभावना बन रही है। 23 से 26 फरवरी 2026 तक तेजी की संभावना बन रही है। 1 से 4 मार्च 2026 तक तेजी की संभावना बन रही है। 7 से 10 मार्च 2026 तक तेजी की संभावना बन रही है। 11 से 16 मार्च 2026 में सोना चांदी में मंदी की संभावना है। 19 से 22 मार्च 2026 में तेजी की संभावना बन रही है।

❊ 2082 में सूर्य की 12 संक्रान्तियों का फल एवं स्वरूप ❊

(30 मार्च 2025 से 19 मार्च 2026 तक)

मेष संक्रान्ति - 14 अप्रैल 2025 - 05:37 से,

संक्रान्ति पुण्यकाल - 06:08 (सूर्योदय) - 12:28 (दिनमध्य)

वसन्त ऋतु, खरमास समाप्ति, रविवार, स्वाती नक्षत्र, कौलव करण, विषुव संक्रान्ति।

यह मेष संक्रान्ति कौलव करण में होने से सर्प जाति की, वराह वाहन पर, नीला वस्त्र पहने, तलवार लिए, भिक्षान्न खाते हुए, लाल चन्दन का लेपन किए, बकुल अशोक का पुष्प लिए, गतालक वय में, रति अवस्था में खड़ी हुई प्रवेश कर रही है। खड़ी संक्रान्ति धर्म हेतु श्रेष्ठ, अन्नादि के भाव सस्ते व वृष्टिकारक होती है। यह ऊपर कहे अस्त्र, वाहन, भोजन सम्बन्धी आजीविका व्यवहार वाले प्राणियों के लिए अशुभ है। इस सूर्य संक्रमण काल में खड़े नहीं रहना चाहिए। मेष संक्रान्ति बाघ पर सवार, जटिला, अग्निरूपा, तीन नेत्रों वाली, रक्तवर्णा कपालहस्ता, एकमुखी व कराली नाम की होती है। इसका सूर्य धाता है। इसमें मेषदान शुभ होता है। स्वाती की संक्रान्ति 15 मुहूर्त्त की होने से अन्नादि का भाव महंगा होता है। स्वाती जातकों को कष्ट धननाश, शान्त्यर्थ कमल, हल्दी, सरसों मिले जल से स्नान। इस एक महीने में **मेष**- परिश्रम, धन खर्च, परिस्थिति प्रतिकूलतावश क्रोध, यात्रा भागादौड़ी। **वृष**- क्लेश, धनहानि, ज्वर आदि रोग, मित्र ही शत्रुता करें। **मिथुन**- स्थान प्राप्ति, सम्मान वृद्धि, द्रव्य लाभ, रोगमुक्ति, उत्तम स्वास्थ्य। **कर्क**- जिस कार्यसिद्धि, सफलता, शुभकार्य से हर्ष। **सिंह**- विपत्ति, दीनता, प्रियजनों से विरह, कार्यों में असफलता। **कन्या**- रोग, भय, चिन्ता, लड़ाई-झगड़ा, विवाद, सरकारी बाधा-हानि। **तुला**- भागादौड़ी, पेट-पाचन सम्बन्धी पीड़ा, विवशता, सम्मान हानि। **वृश्चिक**- रोगनाश, शत्रुनाश, शोक, मोह क्लेश का नाश, स्वस्थ चित्त। **धनु**- क्षोभ, रोग, मोह आदि के कारण मानसिक विकलता। **मकर**- स्वास्थ्यबाधा, सुख में विघ्न-बाधा, गृहक्लेश, हृदयपीड़ा। **कुम्भ**- स्थान प्राप्ति, धनागमन, शुभ समाचार प्राप्ति, शुभकार्य, शत्रुनाश। **मीन**- धननाश, सुख में कमी, जिद्दीपना, धोखा मिलना।

वृष संक्रांति - 15 मई 2025 - 04:04 से,

संक्रान्ति पुण्यकाल - 05:42 (सूर्योदय) - 12:22 (दिनमध्य)

ग्रीष्म ऋतु प्रारम्भ, बुधवार, ज्येष्ठा नक्षत्र, वणिज करण, विष्णुपद संक्रान्ति।

यह वृष संक्रान्ति वणिज करण में होने से मृग जाति की, महिष वाहन पर, काले वस्त्र पहने, बाण लिए, दही खाते हुए, हल्दी लेपन किए, आक का पुष्प लिए, प्रगल्भा वय में, जरा अवस्था में बैठी हुई प्रवेश कर रही है। बैठी संक्रान्ति इष्ट अनिष्ट कुछ नहीं करती, धर्म आयु वर्षा हेतु समभाव होती है। यह ऊपर कहे अस्त्र, वाहन, भोजन सम्बन्धी आजीविका व्यवहार वाले प्राणियों के लिए अशुभ होती है। इस सूर्य संक्रमण काल में बैठे नहीं रहना चाहिए। वृष संक्रान्ति सिंह पर सवार, त्रिनेत्रा कपालहस्ता, श्वेतवर्णा, द्विहस्ता, एकमुखी व महाघोरा नाम की होती है। सूर्य अर्यमा। गौदान शुभ। ज्येष्ठा की संक्रान्ति 15 मुहूर्त्त की होने से अन्नादि का भाव महंगा होता है। ज्येष्ठा जातकों को कष्ट धननाश, शान्त्यर्थ कमल, हल्दी, सरसों मिले जल से स्नान। इस एक महीने में **मेष**- धननाश, सुख में कमी, जिद्दीपना, धोखा मिलना। **वृष**- परिश्रम, धन खर्च, परिस्थिति प्रतिकूलतावश क्रोध, यात्रा भागादौड़ी। **मिथुन**- क्लेश, धनहानि, ज्वर आदि रोग, मित्र ही शत्रुता करें। **कर्क**- स्थान प्राप्ति, सम्मान वृद्धि, द्रव्य लाभ, रोगमुक्ति, उत्तम स्वास्थ्य। **सिंह**- जिस कार्यसिद्धि, सफलता, शुभकार्य से हर्ष। **कन्या**- विपत्ति, दीनता, प्रियजनों से विरह, कार्यों में असफलता। **तुला**- रोग, भय, चिन्ता, लड़ाई-झगड़ा, विवाद, सरकारी बाधा-हानि। **वृश्चिक**- भागादौड़ी, पेट-पाचन सम्बन्धी पीड़ा, विवशता, सम्मान हानि। **धनु**- रोगनाश, शत्रुनाश, शोक, मोह क्लेश का नाश, स्वस्थ चित्त। **मकर**- क्षोभ, रोग, मोह आदि के कारण मानसिक विकलता। **कुम्भ**- स्वास्थ्यबाधा, सुख में विघ्न-बाधा, गृहक्लेश, हृदयपीड़ा। **मीन**- स्थान प्राप्ति, धनागमन, शुभ समाचार प्राप्ति, शुभकार्य, शत्रुनाश।

मिथुन संक्रांति - 15 जून 2025 - 14:09 से,

संक्रान्ति पुण्यकाल - 14:09 - 19:18 (सूर्यास्त)

ग्रीष्म ऋतु, रविवार, श्रवण नक्षत्र, कौलव करण, षडशीतिमुख संक्रान्ति।

यह मिथुन संक्रान्ति कौलव करण में होने से सर्प जाति की, वराह वाहन पर, नीला वस्त्र पहने, तलवार लिए, भिक्षान्न खाते हुए, लाल चन्दन का लेपन किए, बकुल अशोक का पुष्प लिए, गतालक वय में, रति अवस्था में खड़ी हुई प्रवेश कर रही है। खड़ी संक्रान्ति धर्म हेतु श्रेष्ठ, अन्नादि के भाव सस्ते व वृष्टिकारक होती है। यह ऊपर कहे अस्त्र, वाहन, भोजन सम्बन्धी आजीविका व्यवहार वाले प्राणियों के लिए अशुभ है। इस सूर्य संक्रमण काल में खड़े नहीं रहना चाहिए। मिथुन संक्रान्ति वराह पर सवार, त्रिनेत्रा, एकमुखी, हरित वर्णा, अभयमुद्राधारी और कपालहस्ता, शुभ व विरुपाक्षी नाम की होती है। इसका सूर्य मित्र है। इसमें वस्त्र, अन्न, जल का दान शुभ होता है। श्रवण की संक्रान्ति 30 मुहूर्त्त की होने से अन्नादि का भाव समान रहता है। श्रवण जातकों को कष्ट धननाश, शान्त्यर्थ कमल, हल्दी, सरसों मिले जल से स्नान करें। इस एक महीने में **मेष**- स्थान प्राप्ति, धनागमन, शुभ समाचार प्राप्ति, शुभकार्य, शत्रुनाश। **वृष**- धननाश, सुख में कमी, जिद्दीपना, धोखा मिलना। **मिथुन**- परिश्रम, धन खर्च, परिस्थिति प्रतिकूलतावश क्रोध, यात्रा भागादौड़ी। **कर्क**- क्लेश, धनहानि, ज्वर आदि रोग, मित्र ही शत्रुता करें। **सिंह**- स्थान प्राप्ति, सम्मान वृद्धि, द्रव्य लाभ, रोगमुक्ति, उत्तम स्वास्थ्य। **कन्या**- जिस कार्यसिद्धि, सफलता, शुभकार्य से हर्ष। **तुला**- विपत्ति, दीनता, प्रियजनों से विरह, कार्यों में असफलता। **वृश्चिक**- रोग, भय, चिन्ता, लड़ाई-झगड़ा, विवाद, सरकारी बाधा-हानि। **धनु**- भागादौड़ी, पेट-पाचन सम्बन्धी पीड़ा, विवशता, सम्मान हानि। **मकर**- रोगनाश, शत्रुनाश, शोक, मोह क्लेश का नाश, स्वस्थ चित्त। **कुम्भ**- क्षोभ, रोग, मोह आदि के कारण मानसिक विकलता। **मीन**- स्वास्थ्यबाधा, सुख में विघ्न-बाधा, गृहक्लेश, हृदयपीड़ा।

कर्क संक्रांति - 17 जुलाई 2025, 05:40 से

संक्रान्ति पुण्यकाल - 05:45 (सूर्योदय) - 19:19 (सूर्यास्त)

वर्षा ऋतु आरम्भ, दक्षिणायन आरम्भ, बुधवार, रेवती नक्षत्र, विष्टि करण, याम्यायन संक्रान्ति।

यह कर्क संक्रान्ति संक्रान्ति विष्टि करण में होने से ब्राह्मण जाति की, घोड़ा वाहन पर, श्याम वस्त्र पहने, मुद्गर लिए, खिचड़ी खाते हुए, जौखार का लेपन किए, दूर्वा का पुष्प लिए, वृद्धा वय में, भुक्ता अवस्था में बैठी हुई प्रवेश कर रही है। बैठी संक्रान्ति इष्ट अनिष्ट कुछ नहीं करती, धर्म आयु वर्षा हेतु समभाव होती है। यह ऊपर कहे अस्त्र, वाहन, भोजन सम्बन्धी आजीविका व्यवहार वाले प्राणियों के लिए अशुभ होती है। इस सूर्य संक्रमण काल में बैठे नहीं रहना चाहिए। कर्क संक्रान्ति अश्व पर सवार, गुलाबी रंग की, एकमुखी, द्विहस्ता, कपालहस्ता, कटका व महोदरी नाम की होती है। इसका सूर्य अरुण है। इसमें घृतधेनु का दान शुभ होता है। रेवती की संक्रान्ति 30 मुहूर्त्त की होने से अन्नादि का भाव समान रहता है। रेवती नक्षत्र जातकों को एक मास कष्ट धननाश, शान्त्यर्थ कमल, हल्दी, सरसों मिले जल से स्नान करें। इस एक महीने में **मेष**- स्वास्थ्यबाधा, सुख में विघ्न-बाधा, गृहक्लेश, हृदयपीड़ा। **वृष**- स्थान प्राप्ति, धनागमन, शुभ समाचार प्राप्ति, शुभकार्य, शत्रुनाश। **मिथुन**- धननाश, सुख में कमी, जिद्दीपना, धोखा मिलना। **कर्क**- परिश्रम, धन खर्च, परिस्थिति प्रतिकूलतावश क्रोध, यात्रा भागादौड़ी। **सिंह**- क्लेश, धनहानि, ज्वर आदि रोग, मित्र ही शत्रुता करें। **कन्या**- स्थान प्राप्ति, सम्मान वृद्धि, द्रव्य लाभ, रोगमुक्ति, उत्तम स्वास्थ्य। **तुला**- जिस कार्यसिद्धि, सफलता, शुभकार्य से हर्ष। **वृश्चिक**- विपत्ति, दीनता, प्रियजनों से विरह, कार्यों में असफलता। **धनु**- रोग, भय, चिन्ता, लड़ाई-झगड़ा, विवाद, सरकारी बाधा-हानि। **मकर**- भागादौड़ी, पेट-पाचन सम्बन्धी पीड़ा, विवशता, सम्मान हानि। **कुम्भ**- रोगनाश, शत्रुनाश, शोक, मोह क्लेश का नाश, स्वस्थ चित्त। **मीन**- क्षोभ, रोग, मोह आदि के कारण मानसिक विकलता।

✻ 2082 में सूर्य की 12 संक्रान्तियों का फल एवं स्वरूप ✻

(30 मार्च 2025 से 19 मार्च 2026 तक)

सिंह संक्रांति - 17 अगस्त 2025, 16:57 से,
संक्रान्ति पुण्यकाल - 10:33 - 16:57

वर्षा ऋतु, रविवार, रोहिणी नक्षत्र, गर करण, विष्णुपद संक्रान्ति।

❊ 1, 4, 7 केन्द्रों में बैठा मेष, वृश्चिक, मकर का मंगल राजयोगकारी होने पर भी मंगली-कुण्डली का दोष देता है। यह दाम्पत्य के लिए बाधक होता है।

परिहार (उपाय)

❊ यदि लड़की की कुण्डली मंगली है और लड़के की कुण्डली मंगली नहीं है और कोई ज्योतिषीय परिहार न निकले तो धर्मशास्त्रीय परिहार करना चाहिए। ऐसा करने से विच्छेद या वैधव्यादि दोष नहीं उत्पन्न होता है।

❊ कुम्भ विवाह, विष्णु प्रतिमा विवाह और अश्वत्थविवाह ये तीन धर्मशास्त्रीय परिहार कन्या के लिए बतलाये गये हैं। ये उपाय आज भी व्यवहार में हैं।

❊ अर्कविवाह वर के लिए होता है। इससे कन्या के जीवन की रक्षा होती है।

❊ मंगलदोष परिहार के लिए लड़का या लड़की (जो मंगल दोष से ग्रस्त हो) हेतु ब्राह्मणों द्वारा सवा लाख महामृत्युंजय मंत्र का जप कराया जाता है। यह भी परम्परा प्राप्त एवं शास्त्रोक्त परिहार है।

❊ धर्मशास्त्रीय परिहार प्रायशः विवाह से पूर्व और तिलकोत्सव के बाद किया जाता है। अभी बहुतायत में यही परम्परा सक्रिय है।

❊ शनि की साढ़ेसाती ❊

शनिग्रह जिस राशि पर रहता है उससे एक राशि आगे और एक राशि पीछे इस प्रकार कुल तीन राशि को प्रभावित करता है। शनि एक राशि पर ढ़ाई वर्ष रहता है। कुल तीन राशि पर इसका काल साढ़ेसात वर्ष का होता है। इसे ही शनि की सार्द्धसप्तवार्षिकी (साढ़ेसाती) कहते हैं।

द्वादशे जन्मगे राशौ द्वितीये च शनैश्चरः। सार्द्धानि सप्तवर्षाणि तदा दुःखैर्युतो भवेत्।

राशि प्रवेश	शनि राशि संचार		साढ़ेसाती
	दिनांक	समय घं.मि.	
मीन	24 अप्रैल 2025	03:58 से	कुम्भ मीन और मेष
कुम्भ	2 अक्टूबर 2025	10:44 से	मकर कुम्भ मीन
मीन	19 जनवरी 2026	13:30 से	कुम्भ मीन और मेष

अतः 2082 में मकर राशि साढ़ेसाती से मुक्त हो जाएगी और मेष राशि की साढ़ेसाती आरम्भ हो जाएगी। कुम्भ एवं मीन पर शनि का प्रभाव अत्यधिक होगा। अतः शनि का जप हवन तथा श्रीहनुमान जी की आराधना करने से साढ़ेसाती का दुष्प्रभाव शान्त होगा।

❊ शनि की ढैय्या ❊

जब अपनी जन्मराशि से शनि चतुर्थ या अष्टम में स्थित हो तो शनि की ढैय्या चलती है। इसकी अवधि ढाई वर्ष की होती है। शनि की ढैया का प्रभाव भी जातक को प्रभावित करता है। यदि कुण्डली में चन्द्रमा शुभ स्थान में स्थित होकर योगकारी हो तो शनि की ढैया का प्रभाव कल्याणकारी होता है। कतिपय लोग इसे शनि की कल्याणी भी कहते हैं। **यहाँ शनि की राशि और ढैय्या प्रभावित राशि दी जा रही है-**

मेष - कर्क, वृश्चिक का शनि ढैया कारक।
वृष - सिंह, धनु का शनि ढैया कारक।
मिथुन - कन्या, मकर का शनि ढैया कारक।
कर्क - तुला, कुम्भ का शनि ढैया कारक।
सिंह - वृश्चिक, मीन का शनि ढैया कारक।
कन्या - धनु, मेष का शनि ढैया कारक।
तुला - मकर, वृष का शनि ढैया कारक।
वृश्चिक - कुम्भ, मिथुन का शनि ढैया कारक।
धनु - मीन, कर्क का शनि ढैया कारक।
मकर - मेष, सिंह का शनि ढैया कारक।
कुम्भ - वृष, कन्या का शनि ढैया कारक।
मीन - मिथुन, तुला का शनि ढैया कारक।

शनि साढ़ेसाती शांति स्तोत्र

महर्षि पिप्पलाद कृत शनि की साढ़ेसाती के शांति स्तोत्र के पाठ से साढ़ेसाती जनित रोग, कष्ट, जीविका तथा कलह आदि बाधाएं दूर होती हैं। शनिवार को 108 पाठ कल्याणकारी है:--

नमस्ते कोणसंस्थाय पिङ्गलाय नमोऽस्तु ते। नमस्ते बंधु रूपाय कृष्णाय च नमोऽस्तु ते।।
नमस्ते रौद्रदेहाय नमस्ते चान्तकाय च। नमस्ते यमसंज्ञाय नमस्ते सौरये विभो ।।
नमस्ते मन्दसंज्ञाय शनैश्चर नमोऽस्तु ते। प्रसादं कुरु देवेश दीनस्य प्रणतस्य च ।।

*ज्येष्ठ कृष्णपक्ष, पर **शनि शान्ति के उपाय** दिए गए हैं*

❊ नाड़ीदोष विचार ❊

जन्मकुण्डली में आदिनाड़ी, मध्यनाड़ी तथा अन्त्यनाड़ी नाम से तीन नाड़ियों का विवेचन प्राप्त होता है।

आदि नाड़ी - अश्विनी, आर्द्रा, पुनर्वसु, उ.फाल्गुनी, हस्त, ज्येष्ठा, मूल, शतभिषा, पूर्वाभाद्र.

मध्य नाड़ी - भरणी, मृगशीर्ष, पुष्य, पू.फाल्गुनी, चित्रा, अनुराधा, पू.षाढ़ा, धनिष्ठा, उ.भाद्र.

अन्त्यनाड़ी- कृतिका, रोहिणी, आश्लेषा, मघा, स्वाती, विशाखा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, रेवती

यदि वर एवं कन्या की नाड़ी अलग-अलग होती है तो आठ गुण प्राप्त होते हैं। यदि वर कन्या की नाड़ी समान हो तो शून्य गुण मिलता है। इसे ही नाड़ी दोष कहते हैं। नाड़ी दोष की तीन स्थिति बनती है- 1. वर-कन्या दोनों की आदि नाड़ी हो। 2. वर-कन्या दोनों की मध्य नाड़ी हो तथा 3. वर-कन्या दोनों की अन्त्य नाड़ी हो।

यदि दोनों की आदिनाड़ी हो तो विवाह करने पर वर की मृत्यु होती है। यदि दोनों की मध्यनाड़ी हो तो विवाह करने पर कन्या की मृत्यु होती है। यदि दोनों की अन्त्य नाड़ी हो तो विवाह के पश्चात् दोनों की मृत्यु होती है। अत: नाड़ी दोष त्याज्य होता है।

आदिनाडीवरं हन्ति मध्यनाडी च कन्यकाम् ।
अन्त्यनाडी द्वयोहन्ति नाडीदोषं त्यजेद् बुधः ।।

यह वचन प्राचीन काल से ही समादृत है। यदि वर-कन्या का एक नक्षत्र हो और नक्षत्र चरण अलग-अलग हो तो नाड़ी दोष नहीं लगता है। यदि वर-कन्या का एक नक्षत्र हो और राशि अलग-अलग हो तो भी नाड़ी दोष नहीं लगता है।

राश्यैक्ये चेद्भिन्नमृक्षं द्वयोः स्यान्नक्षत्रैक्ये राशियुग्मं तथैव ।
नाडीदोषो नो गणानाञ्च दोषो नक्षत्रैक्ये पादभेदे शुभं स्यात् ।। -मु.चि.

जातिभेद से नाड़ीदोष परिहार

प्राचीन परम्परा से प्राप्त ज्योतिर्विदों के द्वारा 'नाडीदोष' का त्याग केवल विप्रवर्ण के लिए आदिष्ट हैं। क्षत्रिय वर्ण के लिए 'वर्णदोष' का त्याग कहा गया है। वैश्यवर्ण के लिए 'गणदोष' तथा शूद्रवर्ण के लिए 'योनिदोष' का त्याग आदिष्ट किया गया है-

नाडीदोषस्तु विप्राणां वर्णदोषस्तु भूभुजाम्। गणदोषस्तु वैश्यानां योनिदोषस्तु पादजे।।

यदि नाड़ीदोष के कारण सभी वर्गों में विवाह को रोक दिया जाये तो फिर सोलह गुण पर विवाह होना ही कठिन हो जायेगा। कभी-कभी तो अट्ठाईस गुण होते हुए भी नाड़ीदोष की प्राप्ति होने से समस्या उत्पन्न हो जाती है। फलतः सोलह गुण पर विवाह सम्पन्न होने का शास्त्रीय आदेश सिद्ध करता है कि ब्राह्मण वर्ण के लिए ही नाड़ी दोष सर्वथा वर्ज्य है। नाड़ी दोष का ज्योतिष द्वारा प्राप्त परिहार ही एकमात्र उपाय नहीं होता है, धर्मशास्त्र द्वारा बतलाया उपाय ज्यादा महत्त्वपूर्ण और प्रभावशाली होता है।

फलत: नाड़ीदोष परिहार के लिए ज्योतिषशास्त्रीय परिहार के अतिरिक्त धर्मशास्त्रीय परिहार का भी अवलम्बन लेना चाहिए। भारत में प्राचीन काल से ही धर्मशास्त्रीय परिहारों की मान्यता बनी हुयी है। यह भी देखा गया है कि धर्मशास्त्रीय परिहार के बाद नवदम्पती के जीवन में विवाह के बाद किसी प्रकार की कोई दुर्घटना नहीं होती है। यह आवश्यक है कि परिहार विद्वान् वैदिक द्वारा सम्पन्न कराया जाय।

❊ नाड़ीदोष परिहार ❊

यदि ज्योतिषशास्त्रोक्त परिहार न मिले तो धर्मशास्त्रोक्त परिहार द्वारा नाड़ीदोष का निवारण करके विवाह किया जाता है। ऐसा करने पर नाड़ीदोष से उत्पन्न दुष्प्रभाव वर-कन्या को नहीं प्राप्त होता है। धर्मशास्त्रीय परिहार में बृहस्पति के वचन के अनुसार सवालाख महामृत्युंजय मंत्र जप कन्या का पिता कराकर तब विवाह करे। साथ ही विवाह मण्डप में नाड़ीदोष परिहार हेतु कन्या का पिता ब्राह्मण को गोदान-स्वर्णदान करे -

दोषापनुत्तये नाड्या मृत्युञ्जयजपादिकम्।
विधाय ब्राह्मणांश्चैव तर्पयेत्काञ्चनादिना।। -बृहस्पतिः

नारायणभट्ट द्वारा दी गयी धर्मशास्त्रीय व्यवस्था पूरे देश में मान्य है। आज भी यही धर्मशास्त्रीय व्यवस्था नाड़ी दोष के लिए प्रभावशाली उपाय है। नारायणभट्ट के अनुसार वर-कन्या की नाड़ी यदि एक हो जाये तो विवाह मण्डप में प्रत्यक्ष गोदान एवं स्वर्णदान करके ही कन्या का पिता विवाह करे -


द्वयर्के ताम्रसुवर्णमष्टरिपुके गोयुग्ममर्थांकके।
रौप्यं कांस्यमथैकनाडियुजिभे गोस्वर्णादिदत्वोद्वहेत्।।

इस उपाय को करके हजारों की संख्या में नाड़ी दोष युक्त विवाह का परिहार किया गया है। इस परिहार के पश्चात् दम्पती के जीवन में कोई अनिष्ट नहीं होता है। ध्येय है कि कन्या का पिता मण्डप में पाणिग्रहण संस्कार से पूर्व ही अपने कुल पुरोहित या श्रेष्ठ विद्वान् को संकल्पपूर्वक गोदान तथा स्वर्णदान करे। संकल्प में नाड़ीदोष परिहारार्थ गोदान तथा स्वर्णदान का उल्लेख आवश्यक होता है। इस उल्लेख के बिना किया हुआ संकल्प या दान व्यर्थ होता है। अत: विद्वान् वैदिक द्वारा ही इस कृत्य का संपादन होना चाहिए। निष्कर्षत: नाड़ीदोष होने पर विवाह का त्याग ही एकमात्र मार्ग नहीं होता, बल्कि परिहारपूर्वक विवाह करना श्रेष्ठ मार्ग है।

नाड़ीकूट सर्वश्रेष्ठ है

आठ प्रकार के कूटों में नाड़ी सर्वश्रेष्ठ कूट होने के कारण कूटशिरोमणि नाम से प्रसिद्ध है। अत: नाड़ीदोष को लेकर पारम्परिक विद्वानों में भारी सजगता देखी जाती है। प्रायशः विद्वान् सामान्य ग्रन्थों में कहे गये परिहार को स्वीकार नहीं करते। फलत: मुहूर्त्तचिंतामणि या फिर नारायणभट्ट द्वारा कहा गया परिहार ही आज विद्वानों में स्वीकार्य है।

वर–वधु मेलापक सारिणी

 वर / वधू			मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या			तुला			वृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन		
			अ4	भ4	कृ1	कृ3	रो4	मृ2	मृ2	आ4	पु3	पु1	पु4	श्ले4	म4	पू4	उ1	उ3	ह4	चि2	चि2	स्वा4	वि3	वि1	अनु4	ज्ये4	मू4	पू4	उ1	उ3	श्र4	ध2	ध2	श4	पू3	पू1	उ4	र4
			चू चे चो ला	लि लू ले लो	अ	इ उ ए	ओ वा वि वु	वे वो	क कि	कू घ ङ छ	के को ह	ही	हु हे हो डा	डी डू डे डो	म मी मू मे	मो टा टी टू	टे	टो प पी	पू ष ण ठ	पे पो	र री	रू रे रो ता	ति तू ते	तो	न नी नू ने	नो या यी यू	ये यो भ भी	भू धा पा ढ़ा	भे	भो ज जी	खि खू खे खो	ग गि	गु गे	गो सा सी सू	से सो द	दी	दू थ झ त्र	दे दो चा ची
मेष	अ4	चू चे चो ला	28 3	33 0	28.5	18.5 4	21.5 -4	22.5 -4	26	17 3	19 3	23.5 3	31.5	28	21 +5	25 +5	15.5 35	11 36	9 236	13 6	22.5	26.5 -2	22.5	18.5 -6	25.5 -6	14 36	13 35	25 +5	23.5 +5	25	26	20	20	15 3	16 3	14.5 34	24.5 +4	26 +4
	भ4	लि लू ले लो	34	28 3	29 01	19 041	22.5 -4	14.5 34	18 3	26	27	31.5	23.5 3	25.5 1	20 -15	18 35	26 +5	21.5 6	20 6	4 136	13.5 13	29.5	21.5 -1	17.5 -16	17.5 36	19.5 -16	20 -15	18 35	26 +5	27.5	26	10 132	10 132	20 -1	24 -2	22.5 ×24	17.5 34	26.5 +4
	कृ1	अ	27.5	29 1	28 3	18 34	10 1340	16.5 4	20	20 1	21	25.5	26.5	23.5 3	16.5 35	20 15	20 15	15.5 16	15.5 6	18 6	27.5	15.5 3	19.5 3	15.5 36	19.5 -6	25.5 -6	24.5 +5	18 125	12 315	13.5 13	11.5 23	25	25	27	19 1	17.5 14	19.5 14	11.5 34
वृष	कृ3	इ उ ए	18.5 4	20 14	19 34	28 3	20 013	26.5	17.5 +4	17.5 14	18.5 +4	22	23	20 3	18.5 3	22 1	22 1	21 15	21 +5	23.5 +5	22.5 -6	10.5 36	14.5 36	20.5 3	24.5	30.5	20 6	13.5 126	7.5 136	12 135	10 352	23.5 +5	29.5	31.5	23.5 1	20 1	22 1	14 3
	रो4	ओ वा वी वू	23.5 -4	23.5 4	11 341	20 31	28 3	36 0	27 04	23.5 +4	22.5 +4	26	27	12 31	10.5 31	24.5	27	26 +5	26 +5	20 -15	19 -16	15.5 36	9.5 316	15.5 31	29.5	23.5 1	14 16	19 6	11.5 326	16 352	17 35	20 -15	26 -1	24.5 -1	30.5	27	27	19 3
	मृ2	वे वो	23.5 -4	14.5 34	18.5 -4	27.5	35	28 3	19 34	24 04	22.5 +4	26	19 3	21	19.5	15.5 3	24.5	23.5 +5	26 +5	13 35	12 36	25 -6	18.5 -6	24.5	21.5 3	24.5	15 6	10 36	17 26	21.5 ×25	25 +5	13 35	19 3	27	29.5	26	18 3	27
मिथुन	मृ2	क की	27	18 3	22	19.5 +4	27 +4	20 34	28 3	33 0	31.5	19 -4	12 34	14 4	23.5	19.5 3	28.5	31.5	34	21 3	14 35	27 +5	20.5 +5	14 6	11 36	14 6	23	18 3	25 +2	20 -26	23.5 -6	11.5 36	13 35	21 +5	23.5 +5	25.5	17.5 3	26.5
	आ4	कू घ ङ छ	19 3	27	21 1	18.5 ×14	24.5 +4	26 +4	34	28 3	25 30	12.5 034	20 -4	13 14	23.5 1	29.5	21.5 3	24.5 3	24.5 3	27 1	20 -15	27 +5	20 ×15	13.5 16	17 26	3 1326	16 13	28	28	23 -6	23 -6	17.5 -16	19 ×15	12 135	17 35	19 3	26.5	26.5
	पु3	के को ह	20 3	27	23	20.5 +4	22.5 +4	23.5 +4	31.5	24 3	28 3	15.5 -34	22.5 40	17 -4	22.5 +2	26.5 +2	21.5 3	24.5 3	25.5 3	27.5	20.5 +5	28 +5	22 +5	15.5 6	21.5 6	7 36	14 3	27	27	22 -6	23 -6	17 -6	18.5 +5	14 35	16 35	18 3	28	27.5
कर्क	पु1	ही	22.5 3	29.5	25.5	22	24	25	18 4	10.5 34	14.5 34	28 3	35 0	29.5	16.5 ×24	20.5 24	15.5 34	18 3	19 3	21	20.5	28	22	20 +5	26 +5	11.5 35	8 36	21 -6	21 -6	26	27	21	12.5 6	8 36	10 36	16 35	26 +5	25.5 +5
	पु4	हु हे हो डा	30.5	21.5 3	26.5	23	25	18 3	11 34	18 4	21.5 4	35	28 3	30 0	19.5 +4	15.5 34	23.5 +4	26	27	12 3	11.5 3	26.5	21	19 +5	18 35	21 -5	17	11 236	21 6	26	25 -2	13 3	4.5 36	14.5 6	18 6	24 +5	18 35	27 +5
	श्ले4	डी डू डे डो	26.5	24.5 1	22.5 3	19 3	11 31	19	12 4	12 14	15 4	28.5	29	28 3	15 0342	15.5 142	18.5 14	21 1	21	26	25.5	12.5 3	17.5 3	15.5 35	20 +5	26 -5	22.5 6	16 16	8 316	13 13	13 3	26	17.5 6	19.5 6	11.5 16	17.5 15	21 15	13 35
सिंह	म4	म मी मू मे	20 +5	20 15	16.5 35	17.5 3	9.5 31	17.5	21.5	22.5 1	20.5 -2	16.5 ×24	19.5 +4	16 342	28 3	30 01	27.5 1	16.5 14	16.5 +4	21.5 4	24.5	11.5 3	16.5 3	22.5 3	25.5	33	25 +5	19 15	8.5 135	3.5 316	4.5 36	18.5 6	24.5	25.5	18.5 1	18.5 -16	19.5 16	13 36
	पू4	मो टा टी टू	26 +5	18 35	20 -15	21 1	23.5	15.5 3	19.5 3	28.5	26.5 -2	22.5 ×24	17.5 34	16.5 124	30 -1	28 3	35 0	24 04	22.5 +4	7.5 134	10.5 13	25.5	18.5 1	24.5 -1	23.5 3	25.5 -1	19 ×15	17 35	24 +5	19 6	18.5 6	4.5 136	10.5 13	19.5 1	24.5	24.5 -6	17.5 36	25.5 -6
	उ1	टे	16.5 35	26 +5	20 -15	21 1	26	24.5	28.5	20.5 3	21.5 3	17.5 34	25.5 +4	19.5 -14	27.5 -1	35	28 3	17 34	16 034	13.5 142	16.5 12	25.5	16.5 12	22.5 -12	31.5	17.5 13	9.5 135	25 +5	25 +5	20 6	20 6	11.5 16	17.5 1	11.5 13	15.5 3	15.5 36	26.5 -6	25.5 -6
कन्या	उ3	टो प पी	13 36	22.5 6	16.5 16	21 ×15	26 +5	24.5 +5	31.5	23.5 3	24.5 3	20 3	28	22 1	17.5 14	25.5 +4	18 34	28 3	27 30	24.5 ×12	16.5 124	25.5 +4	16.5 124	18 12	27	13 13	14 13	29.5	29.5	24.5 +5	24.5 +5	16 +15	16.5 -16	10.5 316	14.5 36	17.5 3	28.5	27.5
	ह4	पू ष ण ठ	10 236	20 6	17.5 6	22 +5	25 +5	26 +5	33	22.5 3	24.5 3	20 3	28	23	18.5 +4	22.5 +4	16 34	26 3	28 3	28 0	20 04	26.5 +4	18.5 +4	20	26	13 3	15 3	27	28.5	23.5 +5	24.5 +5	18.5 +5	19 -6	8.5 362	13.5 36	16.5 3	26.5	27.5
	चि2	पे पो	13 6	5 136	19 6	23.5 +5	20 15	12 35	19 3	26 1	25.5	21	12 3	27	22.5 +4	8.5 134	14.5 124	24.5 12	27	28 3	20 34	19 04	26.5 +4	28	11 3	25	27	14 13	22 1	17 15	18.5 +5	15.5 35	16 36	24 -6	16.5 16	19.5 1	10.5 132	19.5

यहाँ सारिणी में ऊपर, दायें से बाये मेष मे मीन तक वर की राशि, नक्षत्र चरण व नाम का प्रथम अक्षर है ऊपर से नीचे कन्या की राशि, नक्षत्र चरण व नाम का प्रथम अक्षर है। अष्टकूट मेलापक सारिणी में कुल गुणों का योग व नीचे दोषों के चिह्न दिये हैं। इन दोषों को इकाई के रूप में इस प्रकार समझना चाहिए। 1 – गणदोष, 2 – वैर योनि, 3 – नाड़ी दोष, 4 – द्विर्द्वादश दोष, 5 – नवम पंचम, 6 – षडाष्टक तथा जहाँ 0 लिखा है यह वर के नक्षत्र से पूर्व वधु के नक्षत्र की सूचना देता है। जो कि महादोष माना गया है। – का चिह्न दोष की न्यूनता दर्शाता है। × एवं + का चिह्न दोष का पूरा निर्वाह करता है।

वर–वधु मेलापक सारिणी

 वर / वधू			मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या			तुला			वृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन		
			अ4	भ4	कृ1	कृ3	रो4	मृ2	मृ2	आ4	पु3	पु1	पु4	श्ले4	म4	पू4	उ1	उ3	ह4	चि2	चि2	खा4	वि3	वि1	अनु4	ज्ये4	मु4	पू4	उ1	उ3	श्र4	ध2	ध2	श4	पू3	पू1	उ4	र4
			चू चे चो ला	लि लू ले लो	अ	इ उ ए	ओ वा वि वु	वे वो	क कि	कू घ ङ छ	के को ह	ही	हु हे हो डा	डी डू डे डो	म मी मू मे	मो टा टी टू	टे	टो प पी	पू ष ण ठ	पे पो	र री	रू रे रो ता	ति तू ते	तो	न नी नू ने	नो या यी यू	ये यो भ भी	भू धा फा ढ़ा	भे	भो ज जी	खि खू खे खो	ग गि	गु गे	गो सा सी सू	से सो द	दी	दू थ झ ञ	दे दो चा ची
तुला	चि2	र री	22.5	14.3 13	28.5	23.5 +6	20 16	12 36	13 35	21 15	19.5 +5	20.5	11.5 3	26.5	25.5	11.5 13	17.5 12	17.5 124	20 +4	21 34	28 3	27 0	34.5	23.5 4	6.5 34	20.5 4	27	14 13	22 1	25 1	26.5	23.5 3	18 35	26 +5	18.5 15	12.5 16	3.5 6213	12.5 6
	खा4	रू रे रो ता	27.5 +2	29.5	17.5 3	12.5 36	15.5 36	26 -6	27 +5	26 +5	28 +5	29	27.5	14.5 3	13.5 3	25.5	25.5	25.5 +4	27.5 +4	21 +4	28	28 3	20 30	9 340	21.5 4	16.5 4	23	27	19 3	22 3	23 3	26.5	21 +5	20 ×52	25 +5	19 6	19.5 6	12.5 36
	वि3	ति तू ते	22.5	22.5 1	20.5 3	15.5 36	10.5 136	18.5 -6	19.5 +5	20 15	21 +5	22	21	18.5 3	17.5 3	19.5 1	17.5 12	17.5 142	18.5 +4	27.5 +4	34.5	19 3	28 3	17 34	16 04	20.5 4	27	22 1	14 13	17 13	17 3	30	24.5 +5	26 +5	20 15	14 16	13 162	4.5 36
वृश्चिक	वि1	तो	16.5 +6	16.5 16	14.5 36	19.5 3	14.5 13	22.5	12 6	12.5 16	13.5 6	19 -5	18 -5	15.5 -5	21.5 3	23.5 1	21.5 12	17 12	18	27	22.5 4	7 34	16 34	28 3	27 0	31.5	21.5 +4	16.5 41	8.5 134	12 13	12 3	25	24	25.5	19.5 1	19 15	18 15	9.5 325
	अनु4	न नी नू ने	24.5 -6	15.5 36	19.5 -6	24.5	27.5	20.5 3	10 36	15 26	20.5 6	26 -5	18 35	21 -5	24.5	20.5 3	29.5	25	26	11 3	6.5 34	21.5 4	16 4	28	28 3	31 0	15.5 ×24	13.5 34	21.5 +4	25	26	12 3	11 3	21	24.5	24 +5	18 35	27 +5
	ज्ये4	नो या यी यू	12 36	18.5 16	24.5 -6	29.5	22.5 1	22.5	12 6	2 3126	5 63	10.5 53	20 +5	26 -5	31	23.5 1	16.5 13	12 13	12 3	24	19.5 4	15.5 4	19.5 4	31.5	30	28 3	14 0234	16.5 14	16.5 14	20 1	20	25	24	18 3	10 13	9.5 135	21 15	21 +5
धनु	मु4	ये यो भ भी	12 35	20 15	24.5 +5	19 6	13 16	13 6	21	15 13	12 3	8 36	17 6	23.5 6	25 +5	19 15	9.5 153	13 31	13 3	26	26	21	26	22.5 +4	15.5 ×24	15 342	28 3	28 01	26.5 1	15 14	15 4	20 4	28.5	21.5 3	14.5 13	16 13	25 1	26.5
	पू4	भू धा फा ढ़ा	26 +5	18 35	18 125	12.5 162	18 6	10 36	18 3	27	27	23 6	12 236	17 16	19 -15	17 35	25 +5	28.5	27	13 13	13 13	27	21 1	17.5 -14	15.5 34	17.5 -14	28 +1	28 3	34 0	22.5 04	23 4	6 134	14.5 13	23.5 1	28.5	30	23 3	31
	उ1	भे	24.5 +5	26 +5	12 135	6.5 136	10.5 236	17 26	25 +2	27	27	23 6	23 6	9 163	8.5 153	24 +5	25 +5	28.5	28.5	21 1	21 1	19 3	13 13	9.5 134	23.5 +4	17.5 -14	26.5 -1	34	28 3	16.5 34	14.5 340	15 14	23.5 1	23.5 1	29.5	31	31	23 3
मकर	उ3	भो ज जी	27	28.5	14.5 13	12 135	16 235	22.5 ×25	20 ×26	22 -6	22 -6	28	28	14 13	4.5 136	20 6	21 6	24.5 +5	24.5 15	17 15	24 -1	22 3	16 13	13 31	27	21 1	16 14	23.5 4	17.5 34	28 3	26 30	26.5 +1	17 ×14	17 ×14	23 +4	30.5	30.5	22.5 3
	श्र4	खि खू खे खो	27	26	13.5 32	11 352	16 35	25 +5	22.5 -6	21 -6	22 -6	28	26 +2	15 3	6.5 36	18.5 6	20 6	23.5 +5	24.5 +5	19.5 5	26.5	22 3	17 3	14 3	27	22	17 4	23 4	14.5 34	25 3	28 3	28 -0	18.5 04	18 +4	21 +4	28.5	29.5	22.5 3
	ध2	ग गि	20	11 132	26	23.5 +5	20 15	12 35	9.5 36	16.5 16	16 -6	22	13 3	28	19.5 6	5.5 136	12.5 16	16 15	17.5 +5	15.5 35	22.5 3	24.5	29	26	12 3	26	21 4	7 341	16 41	26.5 1	27	28 3	18.5 34	23.5 40	19 14	26.5 1	15.5 13	22.5 +2
कुम्भ	ध2	गू गे	20	11 132	26	30.5	27 1	19 3	12 35	19 15	18.5 +5	13.5 6	4.5 36	19.5 6	25.5	11.5 13	18.5 1	17.5 16	19 +6	17 36	18 35	20 -5	24.5 -5	25	11 3	25	29.5	15.5 13	24.5 1	18 14	18.5 +4	19.5 34	28 3	33 0	28.5 1	18 14	7 134	14 42
	श4	गो गा सी सू	15 3	21 1	28	32.5	25.5 1	27	20 +5	12 135	13 35	8.5 36	14.5 6	20.5 6	26.5	20.5 1	12.5 13	11.5 136	8.5 1236	25 6	25 +5	19 +5	26 +5	26.5	21	19 3	22.5 3	24.5 1	24.5 1	18 14	18 +4	24.5 +4	33	28 3	19 013	8.5 1340	17 14	16 4
	पू3	से सो द	18 3	25 +2	20 -1	24.5 -1	31.5	31.5	24.5 +5	17 35	18 35	13 36	20 6	13.5 16	19.5 1	25.5	16.5 3	15.5 36	15.5 ×36	17.5 16	18.5 -15	26 +5	20 -15	20.5 1	26.5	11 13	15.5 13	29.5	30.5	24 +4	23 +4	20 -14	28.5 -1	19 13	28 3	17.5 34	22.5 04	20 42
मीन	पू1	दी	14.5 346	21.5 +426	16.5 -146	19 1	26	26	25.5	18 3	19 3	18 35	25 5	18.5 15	17.5 -16	23.5 +6	14.5 36	16.5 3	16.5 3	18.5 +1	11.5 16	19 6	13 16	19 -15	25 +5	9.5 135	15 13	29	30	29.5	28.5	25.5 1	17 14	7.5 134	16.5 34	28 3	33 0	30.5 +2
	उ4	दू थ झ ञ	24.5 +4	16.5 34	18.5 -14	21 1	26	18 3	17.5 3	25.5	28	27 5	19 35	21 15	18.5 -16	16.5 36	25.5 +6	27.5	26.5	9.5 132	2.5 3216	19.5 6	12 162	18 152	19 35	21 -15	24 -1	22 3	30	29.5	29.5	14.5 13	6 134	16 14	21.5 4	33	28 3	35 0
	र4	दे दो चा ची	25 +40	24.5 +4	11.5 34	14 3	17 3	16	25.5	24.5	26.5	25.5 5	27 5	14 35	13 36	23.5 +6	23.5 +6	25.5	26.5	19.5	12.5 6	11.5 36	4.5 36	10.5 35	27 -5	22 +5	26.5	29	21	20.5 3	21.5 3	22.5 -2	14 42	16 4	18 42	29.5 +2	34	28 3

यहाँ दोषों को इकाई के रूप में मानना चाहिए। जैसे वर की राशि धनु में पूर्व 4 चरण तथा कन्या की राशि वृष कृतिका 3 चरण का मेलापक देखने पर कुल गुण योग 13.5 तथा दोष में 126 लिखा है। यहाँ 1 – गण दोष, 2 – वैर योनि, 6 – षडाष्टक दोष प्राप्त होता है।

वर–कन्या वैवाहिक अष्टकूट मेलापक सारणियाँ इत्यादि

१ – वर्णस्यगुणाः

वरस्य (कन्यायाः – पंक्तियाँ)

वर्णाः	ब्रा·	क्ष·	वै·	शू·
ब्राह्मण	१	०	०	०
क्षत्रिय	१	१	०	०
वैश्य	१	१	१	०
शूद्र	१	१	१	१

२ – वश्यगुणाः

वरस्य (कन्यायाः – पंक्तियाँ)

वश्याः	च·	मा·	ज·	व·	की·
चतुष्पद	२	१	१	०	१
मानव	१	२	१	०	१
जलचर	१	१	२	१	१
वनचर	०	०	१	२	०
कीट	१	१	१	०	२

४ – योनिकूटस्य गुणज्ञानाय चक्रमिदम्

वरस्य (कन्यायाः – पंक्तियाँ)

योनयः	अश्व	गज	मेष	सर्प	श्वान	मार्जार	मूषक	गौ	महिष	व्याघ्र	मृग	वानर	नकुल	सिंह
अश्व	४	२	२	२	२	२	२	३	१	१	३	३	२	१
गज	२	४	३	२	२	२	२	२	३	२	२	२	२	०
मेष	३	३	४	३	२	३	२	३	३	१	३	०	३	१
सर्प	२	२	३	४	२	२	१	१	२	२	२	२	०	२
श्वान	२	२	२	२	४	१	१	२	२	१	०	२	२	१
मार्जार	२	२	३	२	१	४	०	२	२	१	२	२	२	२
मूषक	२	३	२	१	१	०	४	२	२	२	२	२	२	१
गौ	३	२	३	१	२	२	२	४	३	०	३	२	३	१
महिष	०	३	३	२	२	२	२	३	४	१	२	२	२	३
व्याघ्र	१	२	१	२	१	१	२	०	१	४	२	१	२	२
मृग	३	३	३	२	०	२	२	३	२	१	४	२	२	२
वानर	२	३	०	२	२	२	२	२	२	१	२	४	२	३
नकुल	२	२	३	०	२	२	१	३	२	२	२	२	४	२
सिंह	१	१	१	२	१	२	१	१	३	२	२	३	२	४

६ – गणगुणाः

वरस्य (कन्यायाः – पंक्तियाँ)

गण	देव	मनुष्य	राक्षस
देव	६	५	१
मनुष्य	६	६	०
राक्षस	०	०	६

८ – नाड़ीगुणाः

वरस्य (कन्यायाः – पंक्तियाँ)

नाड़ी	आदि	मध्य	अन्त्य
आदि	०	८	८
मध्य	८	०	८
अन्त्य	८	८	०

३ – तारायाः गुणाः

वरस्य (कन्यायाः – पंक्तियाँ)

तारा	१	२	३	४	५	६	७	८	९
जन्म १	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
संपत् २	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
विपत् ३	१॥	१॥	०	१॥	०	१॥	०	१॥	१
क्षेम ४	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
प्रत्यरि ५	१॥	१॥	०	१॥	०	१॥	०	१॥	१
साधक ६	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
वध ७	१॥	१॥	०	१॥	०	१॥	०	१॥	१
मैत्र ८	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
अतिमैत्र ९	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३

अष्टकूट मेलापक

विवाह–मेलापक विचार में वर्ण में १, वश्य में २, तारा में ३, योनि में ४, ग्रहमैत्री में ५, गणमैत्री में ६, भकूट में ७ तथा नाड़ी में ८ गुण होते हैं। इन कुल ३६ गुणों में से १८ गुण से ऊपर विवाह अत्यन्त शुभ माना जाता है। तारा देखने के लिये कन्या के नक्षत्र से वर के नक्षत्र तक तथा वर के नक्षत्र से कन्या के नक्षत्र तक गिनकर जो आये, उसमें अलग–अलग ९ का भाग देने से जो शेष बचे, उसे तारा जाने।

अथ मेलापके विशेषस्तत्राह।

अज्ञातजन्मनां नृणां नाम्नि भं परिकल्पयेत्।
तेनैव चिन्तयेत्सर्वं राशिकूटादि जन्मवत्।।१।।
जन्मभं जन्मधिष्ण्येन नामधिष्ण्येन नामभम्।

७ – राशिकूटस्य गुणाः

वरस्य (कन्यायाः – पंक्तियाँ)

राशि	मेष	वृष	मि·	कर्क	सिंह	क·	तुला	वृ·	धनु	म·	कुंभ	मीन
मेष	७	०	७	७	०	०	७	०	०	७	७	०
वृष	०	७	०	७	७	०	०	७	०	०	७	७
मिथुन	७	०	७	०	७	७	०	०	७	०	०	७
कर्क	७	७	०	७	०	७	७	०	०	७	०	०
सिंह	०	७	७	०	७	०	७	७	०	०	७	०
कन्या	०	०	७	७	०	७	०	७	७	०	०	७
तुला	७	०	०	७	७	०	७	०	७	७	०	०
वृश्चिक	०	७	०	०	७	७	०	७	०	७	७	०
धनु	०	०	७	०	०	७	७	०	७	०	७	७
मकर	७	०	०	७	०	०	७	७	०	७	०	७
कुंभ	७	७	०	०	७	०	०	७	७	०	७	०
मीन	०	७	७	०	०	७	०	०	७	७	०	७

५ – ग्रहमैत्रकस्य गुणाः

वरस्य (कन्यायाः – पंक्तियाँ)

ग्रह	सू	च	मं	बु	गु	शु	श
सूर्य	५	५	५	४	५	०	०
चन्द्र	५	५	४	१	४	॥	॥
मंगल	५	४	५	॥	५	३	॥
बुध	४	१	॥	५	॥	५	४
गुरु	५	४	५	॥	५	॥	३
शुक्र	०	॥	३	५	॥	५	५
शनि	०	॥	॥	४	३	५	५

निराभिजिद् गणना

स्थानम्	नक्ष·	फलानि
शीर्षे	३	हानिः
मुखे	३	सिद्धिः
कण्ठे	३	मृत्युः
हस्ते	४	शत्रुभयं
हृदये	४	इष्टाप्तिः
उदरे	३	हानिः
कट्यां	३	इष्टाप्तिः
चरणे	४	धनाप्तिः

ग्रह	मित्र	सम	शत्रु
सूर्य	चं·मं·गु·	बुधः	शु·श·
चन्द्र	सू· बु·	मं·गु·शु·श·	०
मंगल	चं·सू·गु·	शुक्र, शनि	बुध
बुध	सू· शु·	मं,गु,श·	चन्द्र
गुरु	सू·चं·मं·	शनि	बु·शु·
शुक्र	बु· श·	मंगल,गुरु	सू·चं·
शनि	बु· शु·	गुरु	सू·चं·मं·

प्रीतिषडष्टक	मृत्युषडष्टक	शुभद्विर्दादशक	अशुभद्विर्दादशक	शुभनवपंचक	अशुभनवपंचक
सिंह–मीन	मेष–कन्या	मीन–मेष	वृष–मिथुन	मेष–सिंह	धनु–मेष
तुला–वृश्चिक	तुला–मीन	कर्क–सिंह	कुम्भ–मीन	वृष–कन्या	मकर–वृष
कुम्भ–कन्या	मिथुन–वृश्चिक	सिंह–कन्या	मेष–वृष	मिथुन–तुला	कर्क–वृश्चिक
मिथुन–मकर	मकर–सिंह	मकर–कुम्भ	मिथुन–कर्क	सिंह–धनु	कन्या–मकर
मेष–वृश्चिक	कुम्भ–कर्क	तुला–कन्या	तुला–वृश्चिक	तुला–कुम्भ	कुम्भ–मिथु·
धनु–कर्क	धनु–वृष	धनु–वृश्चिक	मकर–धनु	वृश्चिक–मीन	मीन–कर्क

❊ विवाह मुहूर्त्त 2082 ❊

(30 मार्च 2025 से 19 मार्च 2026 तक)

❊ **विवाह के मास-** चैत्र (मेषकासूर्य), वैशाख (वृषकासूर्य), ज्येष्ठ (वृष-मिथुनकासूर्य), आषाढ़ (मिथुनकासूर्य, शुक्लदशमीतक), कार्तिक (वृश्चिककासूर्य), मार्गशीर्ष (वृश्चिककासूर्य), पौष (मकरकासूर्य), माघ (मकरकासूर्य), फाल्गुन (कुम्भकासूर्य)। कार्तिक व पौष में प्रायः वृश्चिक और मकर का सूर्य नहीं मिलता है।

❊ **वर्जित मास-** श्रावण, भाद्रपद, आश्विन।

❊ **विवाह के वार-** रवि, सोम, बुध, गुरू, शुक्र, शनि।

❊ **विवाह तिथियाँ-** 1, 2, 3, 5, 6, 7,8, 10, 11, 12, 13, 15

❊ **विवाह नक्षत्र-** रोहिणी, मृगशिरा, तीनों उत्तरा, हस्त, स्वाती, अनुराधा, मूल व रेवती।

❊ **पारस्कर गृह्यसूत्रोक्त-** अश्विनी, चित्रा, श्रवण, धनिष्ठा।

❊ मृत्युबाण में विवाह वर्जित होता है। सूर्य के 1, 10, 19, 28 गतांश पर मृत्युबाण होता है।

❊ **पारस्कर गृह्यसूत्रोक्त नक्षत्र चतुष्टयी** को मुहूर्त्तों में सम्मिलित किया गया है।

❊ **विवाह हेतु वर्जित काल :-** ❊ **मीन मलमास -** वर्षारम्भ से 13 अप्रैल 2025 तक। ❊ **देवशयन काल-** 6 जुलाई से 1 नवम्बर 2025 तक ❊ **कर्क संक्रान्ति दोष-** 17 जुलाई 2025 से।

❊ **गुरू अस्त** बालत्व वृद्धत्व वर्जित काल - 11 जून से 10 जुलाई 2025 तक। ❊ **शुक्र अस्त** बालत्व वृद्धत्व वर्जित काल - 12 दिसम्बर 2025 से 4 फरवरी 2026 तक

❊ **धनु मलमास -** 16 दिसम्बर 2025 से 14 जनवरी 2026। ❊ **होलाष्टक -** 24 फरवरी से 3 मार्च 2026 तक। ❊ **मीन मलमास-** 15 मार्च 2026 से वर्षान्त तक।

विवाह के मुहूर्त्तों में त्रिबल शुद्धि में सूर्य के 1, 2, 5, 7, 9वें स्थान पर होने से पूजा का, 4, 8, 12वें स्थान पर निन्दित, 3, 6, 10, 11वें स्थान पर शुभ। गुरु के 1, 3, 6, 10वें स्थान पर होने से पूजा का, 4, 8, 12वें स्थान पर निन्दित, 2, 5, 7, 9, 11वें स्थान पर शुभ। चन्द्र के 1, 2, 5, 9वें स्थान पर पूजा का, 4, 8, 12वें स्थान पर निन्दित, व 3, 6, 7, 10व 11वें स्थान पर शुभ माना है।

कुछ आचार्यो ने द्वादश चन्द्र को पूजा का कहा है। हमने यहाँ पर द्वादश चन्द्र को निन्दित ही माना है। तिथि क्षय, नक्षत्र क्षय, मन्वादिः युगादिः तिथियाँ, रिक्ता तिथि का विचार परम्परा से विवाह के मुहूर्त्तों में नहीं होता है। क्रूर ग्रहों की युति का परिहार चन्द्रमा की अपनी उच्च राशि (वृष) या मित्र राशि (सूर्य, व बुध) में होने पर हो जाता है। विवाह में लग्नशुद्धि का विचार पीयूषधारा के निम्न वाक्य के अनुसार ही किया जाता है- **''त्याज्यलग्नेऽब्धयो मंदात्षष्ठेशुकेंदुलग्नपाः। रंध्रेचन्द्रादयः पंचसर्वेस्तेब्जगुरु समौ ।''**

❊ गोधूलि लग्न काल में निषिद्ध ग्रह स्थिति ❊

गोधूलि लग्न का विचार करते समय, लग्न, छठे व आठवें स्थान में चन्द्रमा को शुभ नहीं माना गया है। क्रान्तिसाम्य का दोष भी गोधूलि लग्न में शुभ नहीं होता है। लग्न से 2, 3 व 11वें स्थान पर चन्द्रमा को अति शुभ माना गया है। लग्न, छठे व आठवे स्थान पर चन्द्र नहीं होना चाहिए। 2-3-11वे स्थान पर चन्द्र होने पर लग्न गोधूलि होता है। अन्य स्थानों पर चन्द्र होने पर लग्न अन्य गोधूलि कहा जाता है।

गोधूलि लग्न में कुलिक दोष का विचार किया जाता है। शनिवार व गुरुवार को कुलिक दोष रहता है। शनिवार को सूर्यास्त तक तथा गुरुवार को सूर्यास्त के पश्चात् यह दोष रहता है। गोधूलि के अतिरिक्त लग्न शुद्धि का विचार निम्न बिन्दुओं के आधार पर किया जाता है-

(1) लग्न में शनि-रवि-सोम-मंगल को शुभ नहीं माना जाता है।
(2) छठे स्थान पर शुक्र, चन्द्रमा व लग्न पति को शुभ नहीं माना जाता है।
(3) सातवें स्थान पर कोई भी ग्रह शुभ नहीं होता है, मात्र चन्द्र व गुरु को सम माना जाता है।
(4) अष्टम स्थान में चन्द्र-मंगल-बुध-गुरु व शुक्र को शुभ नहीं माना जाता है।

पापौ कर्तरिकारको रिपुगृहे नीचास्तगी कर्तरीदोषो नैव सितेऽरिनीचगृहर्गतत्षष्ठदोषोऽपि नः।
भौमेऽस्ते रिपुनीचगे नहि भवेद्धीमोऽष्टमो दोषकृन्नीचे नीचनवांशके शशिनि रिः फाष्टारिदोषोऽपि नः ।।

(1) छठे स्थान का शुक्र अशुभ कहा गया है किन्तु अपने शत्रु (कर्क-सिंह) या नीच राशि कन्या पर होने से षष्ठस्थ शुक्र दोष परिहार हो जाता है। **(2)** मंगल अष्टम स्थान में दोष कारक होता है किन्तु सूर्य के साथ अस्त होने पर, अपने शत्रु राशि (मिथुन-कन्या) या नीच राशि कर्क में होने पर अष्टमस्थ मंगल के दोष का परिहार हो जाता है। **(3)** छठे आठवें व बारहवें स्थान का चन्द्रमा भी दोषकारक माना गया है किन्तु अपनी नीच वृश्चिक राशि या वृश्चिक के नवमांश में होने पर इस दोष का परिहार हो जाता है। **विशेष-** विवाह लग्न से 12वें शनि, 10वें मंगल व 3रे शुक्र का विचार परम्परा से नहीं किया जाता है।

विवाह के लग्न का विंशोपक बल निकालने का प्रकार- विवाह काल के लग्न के समय 3,6,8,11वें स्थान में सूर्य-शनि-राहु या केतु शुभ होते हैं। 3,6,11वें स्थान में मंगल शुभ होता है। 2,3,11वें स्थान में चन्द्रमा शुभ होता है। 1,2,3,4,5,6,9,10,12वें स्थान में बुध व गुरु शुभ होते हैं। 1,2,4,5,9,10,11,12वें स्थान में शुक्र शुभ होता है। बुध व शुक्र के 2, 2, चन्द्रमा के 5, सूर्य के 3.5, गुरु के 3, शनि-राहु-केतु मंगल के 1.5-1.5 बल होते हैं। विवाह काल के समय जितने ज्यादा बल हों वह लग्न उतना ही उत्तम होता है।

जन्म मास में विवाह- जन्म मास, जन्म नक्षत्र, जन्मतिथि व जन्म लग्न में प्रथम उत्पन्न पुत्र व कन्या का विवाह शुभ नहीं माना जाता है। परन्तु द्वितीय पुत्र या कन्या का विवाह पुत्र का देने वाला व पण्डितों से प्रशंसित है। (मु. चिन्तामणि)

ज्येष्ठ माह में विशेष- ज्येष्ठ कन्या, ज्येष्ठ वर व ज्येष्ठ का महीना ये तीन ज्येष्ठ शुभ नहीं होते हैं। ज्येष्ठ महीना व ज्येष्ठ वर या ज्येष्ठ कन्या ये दो ज्येष्ठ मध्यम होते हैं। **परिहार-** ज्येष्ठ माह में यदि सूर्य कृतिका नक्षत्र का त्याग कर चुका हो तब दो ज्येष्ठ मध्यम फल के स्थान पर शुभ फलप्रद हो जाता है परन्तु 3 ज्येष्ठ तो कभी भी शुभ नहीं माने जाते हैं।

✻ विवाह मुहूर्त्त 2082 ✻

(30 मार्च 2025 से 19 मार्च 2026 तक)

दिनांक	मास पक्ष तिथि वार	चन्द्र नक्षत्र (विवाह नक्षत्र)	चन्द्र राशि	सूर्य राशि	गुरु राशि	रेखा संख्या	विवाह लग्न समय		चन्द्र शुद्धि 4,8,12 वां निन्दित चन्द्र छोड़कर व अन्य दोषों का विवरण
							दिवा लग्न	रात्रि लग्न	
14 अप्रैल	वैशाख कृष्ण 1 सोमवार	स्वाती	तुला	मेष	वृष	7	मिथुन 09:40-11:54	वृश्चिक 21:04-23:23(गुरु दान से)	मेष वृष मिथुन सिंह कन्या तुला धनु मकर कुम्भ
18 अप्रैल	वैशाख कृष्ण 5 शुक्रवार	मूल	धनु	मेष	वृष	6	लग्नाभाव	गोधूलि 18:36-19:00 वृश्चिक 20:49-23:08	मेष मिथुन कर्क सिंह तुला वृश्चि. धनु कुम्भ मीन
20 अप्रैल	वैशाख कृष्ण 7 रविवार	उषा	मकर	मेष	वृष	8	लग्नाभाव	अन्य गोधूलि 18:37-19:01 वृश्चिक 20:41-22:59(गुरुदान से) कुम्भ 26:47-28:17	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
30 अप्रैल	वैशाख शुक्ल 3 बुधवार	रोहिणी मृगशिरा	वृष	मेष	वृष	9	मिथुन 08:38-10:52	वृश्चिक 20:01-22:19 (चन्द्र-गुरु दान से)	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
1 मई	वैशाख शुक्ल 4 गुरुवार	मृगशिरा	मिथुन 07:41 से	मेष	वृष	9	रिक्ता 16:14 तक	गोधूलि 18:44-19:08	मेष वृष मिथुन सिंह कन्या तुला धनु मकर कुम्भ
5 मई	वैशाख शुक्ल 8 सोमवार	मघा	सिंह	मेष	वृष	8	लग्नाभाव	गोधूलि 18:45-19:09 वृश्चिक 19:41-21:59(गुरु दान से) कुम्भ 25:47-27:17(चन्द्र दान से)	मेष मिथुन कर्क सिंह तुला वृश्चि. धनु कुम्भ मीन
6 मई	वैशाख शुक्ल 9 मंगलवार जानकी नवमी	मघा	सिंह	मेष	वृष	8	वृष-मिथुन 06:17-10:28	नक्षत्राभाव	मेष मिथुन कर्क सिंह तुला वृश्चि. धनु कुम्भ मीन
8 मई	वैशाख शुक्ल 11 गुरुवार	हस्त 22:20 से	कन्या	मेष	वृष	7	नक्षत्राभाव, उफा में केतुयुति	अन्य गोधूलि 18:59-19:11 वृश्चिक 19:29-21:06	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
9 मई	वैशाख शुक्ल 12 शुक्रवार	हस्त 24:35 तक	कन्या	मेष	वृष	7	वृष 06:06-08:01	लग्नाभाव	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन

❊ विवाह मुहूर्त्त 2082 ❊

(30 मार्च 2025 से 19 मार्च 2026 तक)

दिनांक	मास पक्ष तिथि वार	चन्द्र नक्षत्र (विवाह नक्षत्र)	चन्द्र राशि	सूर्य राशि	गुरु राशि	रेखा संख्या	विवाह लग्न समय		चन्द्र शुद्धि 4,8,12 वां निन्दित चन्द्र छोड़कर व अन्य दोषों का विवरण
							दिवा लग्न	रात्रि लग्न	
17 मई	ज्येष्ठ कृष्ण 5 शनिवार	उषा 15:13 से	मकर	वृष	मिथुन	8	लग्नाभाव	गोधूलि 18:52-19:04	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
18 मई	ज्येष्ठ कृष्ण 6 रविवार	उषा 15:47 तक	मकर	वृष	मिथुन	8	मिथुन 07:27-09:41 सिंह 12:00-14:16 पंचेष्ट लग्नाभाव	नक्षत्राभाव	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
22 मई	ज्येष्ठ कृष्ण 10 गुरुवार	उभा 13:40 से	मीन	वृष	मिथुन	8	भद्रा दोष भद्रान्त 20:34	कुम्भ-मीन 24:44-26:13 वृष 29:15-31:10	वृष मिथुन कर्क कन्या तुला वृश्चि. मकर कुम्भ मीन
1 जून	ज्येष्ठ शुक्ल 6 रविवार	मघा 25:47 से	सिंह	वृष	मिथुन	6	नक्षत्राभाव	धनु उत्तरार्ध 21:36-22:16 (गुरुदान से भौम अष्टम परिहार) मेष 26:57-28:34(शनि दान से)	मेष मिथुन कर्क सिंह तुला वृश्चि. धनु कुम्भ मीन
2 जून	ज्येष्ठ शुक्ल 7 सोमवार	मघा 26:36 तक	सिंह	वृष	मिथुन	8	मिथुन 06:27-08:41	अन्य गोधूलि 19:00-19:24 धनु 20:10-22:16 भद्रारम्भ 24:09 से	मेष मिथुन कर्क सिंह तुला वृश्चि. धनु कुम्भ मीन
7 जून	ज्येष्ठ शुक्ल 12 शनिवार	स्वाती 10:18 से	तुला	वृष	मिथुन	8	कर्क 09:40-10:40	मेष 26:33-28:10 (चन्द्र-शनि दान से)	मेष वृष मिथुन सिंह कन्या तुला धनु मकर कुम्भ
8 जून	ज्येष्ठ शुक्ल 12-13 रविवार	स्वाती 12:55 तक	तुला	वृष	मिथुन	8	मिथुन-कर्क 06:03-10:36	नक्षत्राभाव	मेष वृष मिथुन सिंह कन्या तुला धनु मकर कुम्भ
9 जून	ज्येष्ठ शुक्ल 13 सोमवार	अनुराधा 15:30 से	वृश्चिक	वृष	मिथुन	10	लग्नाभाव	मेष 26:25-28:02 (शनि दान से चन्द्र अष्टम परिहार)	वृष मिथुन कर्क कन्या तुला वृश्चि. मकर कुम्भ मीन
22 नवंबर	मार्गशीर्ष शुक्ल 2 शनिवार	मूल 15:30 से	धनु	वृश्चिक	कर्क	10	लग्नाभाव	गोधूलि 17:16-17:40 कन्या-तुला 25:56-30:28	मेष मिथुन कर्क सिंह तुला वृश्चि. धनु कुम्भ मीन

❊ विवाह मुहूर्त्त 2082 ❊

(30 मार्च 2025 से 19 मार्च 2026 तक)

दिनांक	मास पक्ष तिथि वार	चन्द्र नक्षत्र (विवाह नक्षत्र)	चन्द्र राशि	सूर्य राशि	गुरु राशि	रेखा संख्या	विवाह लग्न समय		चन्द्र शुद्धि 4,8,12 वां निन्दित चन्द्र छोड़कर व अन्य दोषों का विवरण
							दिवा लग्न	रात्रि लग्न	
23 नवंबर	मार्गशीर्ष शुक्ल 3 रविवार	मूल 17:44 तक	धनु	वृश्चिक	कर्क	10	मकर 10:46-12:30 (गुरुदान से)	गोधूलि17:15-17:39 अग्रे नक्षत्राभाव	मेष मिथुन कर्क सिंह तुला वृश्चि. धनु कुम्भ मीन
24 नवंबर	मार्गशीर्ष शुक्ल 4 सोमवार	उषा 19:34 से	मकर	वृश्चिक	कर्क	7	नक्षत्राभाव	कर्क 21:54-23:30 तुला 28:02-30:20 रिक्तांत भद्रान्त 17:54	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
29 नवंबर	मार्गशीर्ष शुक्ल 9 शनिवार	उभा 21:36 से	मीन	वृश्चिक	कर्क	7	नक्षत्राभाव	तुला 27:42-30:00 (दग्धा तिथि परिहार)	वृष मिथुन कर्क कन्या तुला वृश्चि. मकर कुम्भ मीन
30 नवंबर	मार्गशीर्ष शुक्ल 10 रविवार	उभा-रेवती	मीन	वृश्चिक	कर्क	7	लग्नाभाव	गोधूलि17:17-17:41(भौमशुक्र 7स्थ) कर्क 20:47-23:06(दग्ध तिथि परिहार) भद्रारम्भ 26:55 से	वृष मिथुन कर्क कन्या तुला वृश्चि. मकर कुम्भ मीन
5 दिसंबर	पौष कृष्ण 1 शुक्रवार	रोहिणी 13:12 तक	वृष	वृश्चिक	कर्क	8	मकर 10:03-11:47	नक्षत्राभाव	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
5 दिसंबर	पौष कृष्ण 1 शुक्रवार	मृगशिरा 13:12 से	वृष	वृश्चिक	कर्क	6	लग्नाभाव	गोधूलि 17:15-17:39 अग्रे मृत्युबाण	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
4 फरवरी	फाल्गुन कृष्ण 3 बुधवार	उफा 24:07 से	सिंह	मकर	मिथुन	7	नक्षत्राभाव	धनु 27:57-30:02 (भद्रान्त 25:52 तक)	मेष मिथुन कर्क सिंह तुला वृश्चि. धनु कुम्भ मीन
5 फरवरी	फाल्गुन कृष्ण 5 गुरुवार	उफा-हस्त	कन्या	मकर	मिथुन	7	वृष 12:14-14:11	गोधूलि 18:07-18:19 (मंगल शुक्र सप्तम दोष)	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
6 फरवरी	फाल्गुन कृष्ण 5 शुक्रवार	हस्त 26:09 तक	कन्या	मकर	मिथुन	8	लग्नाभाव	गोधूलि 17:55-18:19 तुला-वृश्चिक 23:11-27:49	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन

✻ विवाह मुहूर्त्त 2082 ✻

(30 मार्च 2025 से 19 मार्च 2026 तक)

दिनांक	मास पक्ष तिथि वार	चन्द्र नक्षत्र (विवाह नक्षत्र)	चन्द्र राशि	सूर्य राशि	गुरु राशि	रेखा संख्या	विवाह लग्न समय		चन्द्र शुद्धि 4,8,12 वां निन्दित चन्द्र छोड़कर व अन्य दोषों का विवरण
							दिवा लग्न	रात्रि लग्न	
12 फरवरी	फाल्गुन कृष्ण 10 गुरुवार	मूल 13:40 से	धनु	मकर	मिथुन	6	लग्नाभाव	गोधूलि 18:00-18:24 तुला-वृश्चिक 22:47-27:25	मेष मिथुन कर्क सिंह तुला वृश्चि. धनु कुम्भ मीन
20 फरवरी	फाल्गुन शुक्ल 3 शुक्रवार	रेवती 21:11 से	मीन	कुम्भ	मिथुन	8	नक्षत्राभाव	तुला-वृश्चिक पूर्वार्ध 22:17-25:50	वृष मिथुन कर्क कन्या तुला वृश्चि. मकर कुम्भ मीन
21 फरवरी	फाल्गुन शुक्ल 4 शनिवार	रेवती 20:12 तक	मीन	कुम्भ	मिथुन	9	मिथुन 13:55-15:22 भद्रान्त 13:55	गोधूलि 18:07-18:31 अग्रे लग्नाभाव	वृष मिथुन कर्क कन्या तुला वृश्चि. मकर कुम्भ मीन
✻ पारस्कर गृह्यसूत्रोक्त विवाह मुहूर्त्त 2082 ✻									
21 अप्रैल	वैशाख कृष्ण 8 सोमवार	श्रवण	मकर	मेष	वृष	7	लग्नाभाव	अन्य गोधूलि 18:38-19:02 वृश्चिक 20:37-22:55(गुरु दान से) कुम्भ 26:43-28:13	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
18 मई	ज्येष्ठ कृष्ण 6 रविवार	श्रवण 15:47 से	मकर	वृष	मिथुन	8	नक्षत्राभाव भद्रारम्भ 26:16 से	गोधूलि 18:53-19:16 धनु 21:08-23:12 (गुरु दान से, भौम 8 परिहार)	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
24 मई	ज्येष्ठ कृष्ण 12 शनिवार	अश्विनी 10:46 से	मेष	वृष	मिथुन	10	लग्नाभाव	धनु 20:44-22:48 (गुरु दान से, भौम 8 परिहार)	मेष मिथुन कर्क सिंह तुला वृश्चि. धनु कुम्भ मीन

*************************** शुभ विवाह मुहूर्त्त की अनिवार्यता **************************

सुन्दर स्वभाव (सदा पति के अनुकूल चलने) वाली स्त्री धर्म, अर्थ एवं काम, इन तीनों वर्गों को देती है और पति को सहयोग देकर तीन ऋणों से मुक्त कराती है। स्त्री की सुशीलता विवाहकालिक लग्न के अधीन है, अर्थात शास्त्रविहित शुभ मुहूर्त्त में विवाह होने से स्त्री का स्वभाव और आचरण पवित्र होता है। इसलिए विवाह मुहूर्त्त का विचार किया जाता है, क्योंकि पुत्र (सुसन्तति), शील (सुन्दर स्वभाव) और धर्म विवाहकालिक लग्न के अधीन होते हैं। यद्यपि जन्मकालिक ग्रहस्थितिवश मानवमात्र (जीवमात्र) को शुभाशुभ फल भोगना अनिवार्य है, तथापि कार्यों में शुभ समयजनित अपूर्व फल से जन्मान्तरीय कर्मजन्य शुभाशुभ फल का उपशमन होकर नया प्रारब्ध बन जाता है, उसका फल तत्काल भोगना पड़ता है। अतः सब जीवों के लिये शुभ समय देखना आवश्यक है। **-मुहूर्त्त चिंतामणि**

❊ उपनयन (यज्ञोपवीत, व्रतबन्ध) मुहूर्त्त 2082 ❊

(30 मार्च 2025 से 19 मार्च 2026 तक)

❊ उपनयन के नाम- उपनयन को व्रतबन्ध, यज्ञोपवीत या जनेऊ संस्कार भी कहते हैं। इस संस्कार से ब्रह्मविद्या, वेदाध्ययन का अधिकार मिलता है।

❊ उपनयन की आयु- पंचम, षष्ठ, अष्ठम, एकादश, द्वादश वर्ष में उपनयन कराना चाहिए।

❊ उपनयन अयन- उपनयन संस्कार केवल उत्तरायण में ही किया जाता है।

❊ उपनयन मास- माघ, फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ मास। (चैत्र मास में केवल ब्राह्मण बटुकों का उपनयन होता है।)

❊ उपनयन के वार- रवि, सोम, बुध, गुरू, शुक्र (शनि वर्जित)।

❊ उपनयन तिथियाँ- **शुक्लपक्ष-** 2, 3, 5, 10, 11, 12, 13 **कृष्णपक्ष-** 2, 3, 5

❊ उपनयन नक्षत्र- अश्विनी, रोहिणी, मृगशीर्ष, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, मूल, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती (कुल 22 नक्षत्र)।

❊ वर्जित नक्षत्र- भरणी, कृत्तिका, ज्येष्ठा, विशाखा, मघा (कुल 5 नक्षत्र)।

पुनर्वसु में विप्र बटुकों का उपनयन वर्जित है- *पुनर्वसौ कृतो विप्रः पुनः संस्कारमर्हति।(राजमार्तण्ड)*

❊ उपनयन लग्न- 2, 3, 4, 5, 6, 7, 9, 12 **❊ वर्जित लग्न-** 1, 8, 10, 11

❊ उपनयन काल- पूर्वाह्न एवं मध्याह्न (अपराह्न वर्जित)

❊ उपनयन में बाणदोष- रोगबाण में उपनयन नहीं होता है (अन्य चार बाणों में होता है) । सूर्य के 8, 17, 26 गतांश पर रोगबाण होता है।

❊ उपनयन में क्रूरग्रहों सूर्य, मंगल, शनि, राहु, केतु के वेध को त्यागकर मुहूर्त्त शोधन किया गया है। *''कर्णवेधे विवाहे च व्रते पुंसवने तथा। प्राशने चाद्यचूडायां विद्धमृक्षं परित्यजेत्।''*

दिनांक	मास पक्ष तिथि वार	नक्षत्र	यज्ञोपवीत मुहूर्त्त समय (लग्नादि)	चन्द्र राशि	सूर्य राशि	चन्द्र शुद्धि 4,8,12वां निन्दित चन्द्र छोड़कर
7 अप्रैल	चैत्र शुक्ल 10 सोमवार	पुष्य-आश्लेषा	वृष-मिथुन 08:12-12:22, सिंह 14:42-16:58	कर्क	मीन	वृष मिथु. कर्क कन्या तुला वृश्चि मकर कुम्भ मीन
9 अप्रैल	चैत्र शुक्ल 12 बुधवार	पूफा	मिथुन 11:39-12:14, सिंह 14:34-16:50	कन्या	मीन	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
14 अप्रैल	वैशाख कृष्ण 01 सोमवार	स्वाती	वृष-मिथुन 07:44-11:54, सिंह 14:14-16:31	तुला	मेष	मेष वृष मिथुन सिंह कन्या तुला धनु मकर कुम्भ
18 अप्रैल	वैशाख कृष्ण 05 शुक्रवार	मूल	वृष-मिथुन 10:09-11:38	धनु	मेष	मेष मिथुन कर्क सिंह तुला वृश्चिक धनु कुम्भ मीन
30 अप्रैल	वैशाख शुक्ल 03 बुधवार	रोहिणी	**अक्षय तृतीया** वृष-मिथुन 06:41-10:51, सिंह 13:11-15:47	वृष	मेष	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
7 मई	वैशाख शुक्ल 10 बुधवार	पूफा	वृष-मिथुन 06:14-10:23, सिंह 12:44-15:00	कन्या	मेष	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
09 मई	वैशाख शुक्ल 12 शुक्रवार	हस्त	वृष-मिथुन 06:06-10:15, सिंह-कन्या 12:36-15:23	कन्या	मेष	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
15 मई	ज्येष्ठ कृष्ण 3 गुरुवार	मूल	सिंह 12:35-13:18	धनु	वृष	मेष मिथुन कर्क सिंह तुला वृश्चिक धनु कुम्भ मीन
29 मई	ज्येष्ठ शुक्ल 03 गुरुवार	आर्द्रा	मिथुन 05:36-08:57, सिंह-कन्या 11:17-15:48	मिथुन	वृष	मेष वृष मिथुन सिंह कन्या तुला धनु मकर कुम्भ
5 जून	ज्येष्ठ शुक्ल 10 गुरुवार	हस्त	**गंगा दशहरा** वृष-मिथुन 05:35-08:29, सिंह 10:49-11:26 (शनिवेध)	कन्या	वृष	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
8 जून	ज्येष्ठ शुक्ल 12 रविवार	स्वाती	वृष-मिथुन 05:34-07:03	तुला	वृष	मेष वृष मिथुन सिंह कन्या तुला धनु मकर कुम्भ
6 फरवरी	फाल्गुन कृष्ण 5 शुक्रवार	हस्त	कुम्भ-मीन 07:39-10:34, वृष-मिथुन 12:10-16:19	कन्या	मकर	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
19 फरवरी	फाल्गुन शुक्ल 2 गुरुवार	पूभा	कुम्भ-मीन 07:06-09:42, वृष-मिथुन 11:18-15:28	कुम्भ	कुम्भ	मेष वृष मिथुन सिंह कन्या तुला धनु मकर कुम्भ
20 फरवरी	फाल्गुन शुक्ल 3 शुक्रवार	उभा	कुम्भ-मीन 07:05-09:38, वृष-मिथुन 11:14-15:24	मीन	कुम्भ	वृष मिथु कर्क कन्या तुला वृश्चि. मकर कुम्भ मीन
5 मार्च	चैत्र कृष्ण 2 गुरुवार	उफा-हस्त	कुम्भ-मीन 06:53-08:47, वृष-मिथुन 10:23-14:33	कन्या	कुम्भ	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन

✲ गृहारम्भ मुहूर्त्त (नींव) 2082 ✲

(30 मार्च 2025 से 19 मार्च 2026 तक)

✲ **गृहारम्भ मास-** वैशाख, श्रावण, मार्गशीर्ष, पौष एवं फाल्गुन

✲ **गृहारम्भ नक्षत्र-** रोहिणी, मृगशीर्ष, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती (कुल 14 नक्षत्र)

✲ **गृहारम्भ तिथि-** 1, 2, 3, 5, 7, 10, 11, 13, 15 तिथियाँ

✲ **गृहारम्भ वार-** सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार

✲ **सूर्यराशि-** जब सूर्य मेष, वृष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर या कुम्भ राशिस्थ हो

✲ **गृहारम्भ में वर्ज्य-** अग्निबाण(सूर्य के 2,11,20,29 गतांश) पंचक और भूशयनदोष (परिहारपूर्वक)

✲ चैत्र, ज्येष्ठ, आषाढ़, भाद्रपद, कार्तिक और माघ में गृहारम्भ नहीं करना चाहिए।

✲ चैत्र में शोक, ज्येष्ठ में मृत्यु, आषाढ़ में पशुनाश, भाद्रपद में मृत्यु, आश्विन में कलह, कार्तिक में हानि और माघ में अग्निभय उत्पन्न होता है।

✲ **गृहारम्भ लग्न-** 2, 3, 5, 6, 8, 9, 11, 12

✲ **लग्न शुद्धि-** लग्न से 1, 4, 7, 10, 5, 9 में शुभग्रह, लग्न से 3, 6, 11 में पापग्रह

✲ चक्रशुद्धि सहित मुहूर्त्तों को ✓ चिह्न से दर्शाया गया है, अन्य मुहूर्त्त चक्रशुद्धि रहित हैं।

दिनांक	मास पक्ष तिथि वार	गृहारम्भ नक्षत्र	चक्र शुद्धि	गृहारम्भ मुहूर्त्त समय (लग्नादि)	नींव की दिशा		चन्द्रराशि	चन्द्र शुद्धि 4,8,12वां निन्दित चन्द्र छोड़कर
					गृहारम्भ	देवालय		
14 अप्रैल	वैशाख कृष्ण 2 सोमवार	स्वाती	✓	वृष-मिथुन 07:44-11:54	वायव्य	आग्नेय	तुला	मेष वृष मिथुन सिंह कन्या तुला धनु मकर कुम्भ
23 अप्रैल	वैशाख कृष्ण 11 बुधवार	शतभिषा	-	कन्या 15:55-18:10 (भद्रान्त 11:47 के बाद)	वायव्य	आग्नेय	कुम्भ	मेष वृष मिथुन सिंह कन्या तुला धनु मकर कुम्भ
30 अप्रैल	वैशाख शुक्ल 3 बुधवार	रोहिणी	-	वृष-मिथुन 06:41-10:51 (अतिगण्ड आरम्भ 15:47 पूर्व)	वायव्य	आग्नेय	वृष	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
1 मई	वैशाख शुक्ल 5 गुरुवार	मृगशिरा	-	कन्या 16:14 से 17:39 (रिक्तान्त/भद्रान्त 16:14 बाद)	वायव्य	आग्नेय	वृष	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
9 मई	वैशाख शुक्ल 12 शुक्रवार	हस्त	✓	वृष-मिथुन 06:06-10:15 कन्या 14:52-17:07	वायव्य	आग्नेय	कन्या	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
17 मई	ज्येष्ठ कृष्ण 5 शनिवार	उषा 15:13 से	-	कन्या 15:13-16:36	नैऋत्य	आग्नेय	मकर	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
19 मई	ज्येष्ठ कृष्ण 7 सोमवार	श्रवण	-	कन्या 13:55-16:28 (भद्रान्त 13:55 के बाद)	नैऋत्य	आग्नेय	मकर	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
23 मई	ज्येष्ठ कृष्ण 11 शुक्रवार	उभा 12:19 तक	-	वृष-मिथुन 05:38-09:20	नैऋत्य	आग्नेय	मीन	वृष मिथुन कर्क कन्या तुला वृश्चि. मकर कुम्भ मीन
24 मई	ज्येष्ठ कृष्ण 12 शनिवार	रेवती 10:46 तक	-	वृष-मिथुन 05:38-09:16	नैऋत्य	आग्नेय	मीन	वृष मिथुन कर्क कन्या तुला वृश्चि. मकर कुम्भ मीन

✼ गृहारम्भ मुहूर्त्त (नींव) 2082 ✼

(30 मार्च 2025 से 19 मार्च 2026 तक)

दिनांक	मास पक्ष तिथि वार	गृहारम्भ नक्षत्र	चक्र शुद्धि	गृहारम्भ मुहूर्त्त समय (लग्नादि)	नींव की दिशा		चन्द्रराशि	चन्द्र शुद्धि 4,8,12वां निन्दित चन्द्र छोड़कर
					गृहारम्भ	देवालय		
31 मई	ज्येष्ठ शुक्ल 5 शनिवार	पुष्य	-	वृष-मिथुन 05:36-08:49 कन्या 13:26-15:41	नैऋत्य	आग्नेय	कर्क	वृष मिथुन कर्क कन्या तुला वृश्चि. मकर कुम्भ मीन
7 जून	ज्येष्ठ शुक्ल 12 शनिवार	स्वाती 10:18 से	✓	अभिजित 11:58-12:19 (परिघ आरंभ 12:19 पूर्व)	नैऋत्य	आग्नेय	तुला	मेष वृष मिथुन सिंह कन्या तुला धनु मकर कुम्भ
12 जुलाई	श्रावण कृष्ण 2 शनिवार	उषा-श्रवण	✓	मिथुन 05:42-06:01 कन्या 10:41-12:52	नैऋत्य	ईशान	मकर	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
21 जुलाई	श्रावण कृष्ण 11 सोमवार	रोहिणी	-	कन्या 10:06-12:21 वृश्चिक 14:40-16:58	नैऋत्य	ईशान	वृष	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
9 अगस्त	श्रावण शुक्ल 15 शनिवार	श्रवण-धनिष्ठा	✓	कन्या 08:51-11:06 वृश्चिक-धनु 13:25-17:49	नैऋत्य	ईशान	मकर	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
28 अगस्त	भाद्रपद शुक्ल 5 गुरुवार	स्वाती 07:59 से	-	कन्या 07:36-09:51 वृश्चिक-धनु 12:10-16:34	आग्नेय	ईशान	तुला	मेष वृष मिथुन सिंह कन्या तुला धनु मकर कुम्भ
29 अगस्त	भाद्रपद शुक्ल 6 शुक्रवार	स्वाती 10:30 तक	-	कन्या 07:32-09:47 वृश्चिक-धनु 12:06-16:30	आग्नेय	ईशान	तुला	मेष वृष मिथुन सिंह कन्या तुला धनु मकर कुम्भ
30 अगस्त	भाद्रपद शुक्ल 7 शनिवार	अनुराधा 13:07 से	✓	वृश्चिक-धनु 13:07-14:55 (वैधृति आरंभ 14:55 पूर्व)	आग्नेय	ईशान	वृश्चि.	वृष मिथुन कर्क कन्या तुला वृश्चि. मकर कुम्भ मीन
4 सितंबर	भाद्रपद शुक्ल 12 गुरुवार	उषा	✓	कन्या 07:08-09:23 वृश्चिक-धनु 11:42-16:06	आग्नेय	ईशान	मकर	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
5 सितंबर	भाद्रपद शुक्ल 13 शुक्रवार	श्रवण 14:06 तक	✓	कन्या 07:04-09:19 वृश्चिक-धनु 11:38-14:06	आग्नेय	ईशान	मकर	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
15 अक्टूबर	कार्तिक कृष्ण 10 बुधवार	पुष्य 16:25 तक	-	कुम्भ-मीन 15:09-17:54 (रिक्तान्त 14:16 बाद)	आग्नेय	वायव्य	कर्क	वृष मिथुन कर्क कन्या तुला वृश्चि. मकर कुम्भ मीन
22 अक्टूबर	कार्तिक शुक्ल 1 बुधवार	स्वाती	-	वृश्चिक-धनु 08:33-12:57 कुम्भ-मीन 14:41-17:36	आग्नेय	वायव्य	तुला	मेष वृष मिथुन सिंह कन्या तुला धनु मकर कुम्भ
24 अक्टूबर	कार्तिक शुक्ल 3 शुक्रवार	अनुराधा	-	वृश्चिक-धनु 08:25-12:49 कुम्भ-मीन 14:33-17:28	आग्नेय	वायव्य	वृश्चि.	वृष मिथुन कर्क कन्या तुला वृश्चि. मकर कुम्भ मीन

❊ गृहारम्भ मुहूर्त्त (नींव) 2082 ❊

(30 मार्च 2025 से 19 मार्च 2026 तक)

दिनांक	मास पक्ष तिथि वार	गृहारम्भ नक्षत्र	चक्र शुद्धि	गृहारम्भ मुहूर्त्त समय (लग्नादि)	नींव की दिशा		चन्द्रराशि	चन्द्र शुद्धि 4,8,12वां निन्दित चन्द्र छोड़कर
					गृहारम्भ	देवालय		
31 अक्टूबर	कार्तिक शुक्ल 10 शुक्रवार	शतभिषा 14:23 से	✓	कुम्भ-मीन 14:23-17:01	आग्नेय	वायव्य	कुम्भ	मेष वृष मिथुन सिंह कन्या तुला धनु मकर कुम्भ
3 नवंबर	कार्तिक शुक्ल 13 सोमवार	उभा-रेवती	✓	वृश्चिक-धनु 07:45-12:09 कुम्भ-मीन 13:54-16:49	आग्नेय	वायव्य	मीन	वृष मिथुन कर्क कन्या तुला वृश्चि. मकर कुम्भ मीन
15 नवंबर	मार्गशीर्ष कृष्ण 11 शनिवार	उफा	-	कुम्भ-मीन 13:06-16:01 (वैधृति अंत 10:02 बाद)	आग्नेय	वायव्य	कन्या	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
21 नवंबर	मार्गशीर्ष शुक्ल 1 शुक्रवार	अनुराधा 13:01 तक	-	वृश्चिक-धनु 06:54-10:58 कुम्भ 12:43-13:01	ईशान	वायव्य	वृश्चि.	वृष मिथुन कर्क कन्या तुला वृश्चि. मकर कुम्भ मीन
26 नवंबर	मार्गशीर्ष शुक्ल 6 बुधवार	श्रवण	✓	वृश्चिक-धनु 06:58-10:38 कुम्भ-मीन 12:23-15:18	ईशान	वायव्य	मकर	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
27 नवंबर	मार्गशीर्ष शुक्ल 7 गुरुवार	धनिष्ठा	✓	वृश्चिक-धनु 06:59-09:12 कुम्भ-मीन 12:48-15:14 (09:12 पूर्व व 12:48 पश्चात-व्याघात 9 घटी वर्ज्य)	ईशान	वायव्य	कुम्भ	मेष वृष मिथुन सिंह कन्या तुला धनु मकर कुम्भ
5 दिसंबर	पौष कृष्ण 1 शुक्रवार	रोहिणी-मृगशिरा	✓	वृश्चिक-धनु 07:05-10:03 कुम्भ-मीन 11:47-14:42	ईशान	वायव्य	वृष	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
6 दिसंबर	पौष कृष्ण 2 शनिवार	मृगशिरा 11:39 तक	✓	वृश्चिक-धनु 07:06-09:59 कुम्भ-मीन 11:43-14:38	ईशान	वायव्य	मिथुन	मेष वृष मिथुन सिंह कन्या तुला धनु मकर कुम्भ
6 फरवरी	फाल्गुन कृष्ण 5 शुक्रवार	हस्त	✓	कुम्भ-मीन 07:39-10:34 वृष-मिथुन 12:10-16:19	ईशान	नैऋत्य	कन्या	मेष वृष कर्क सिंह कन्या वृश्चि. धनु मकर मीन
11 फरवरी	फाल्गुन कृष्ण 10 बुधवार	अनुराधा 11:05 तक	-	मीन 09:51-10:14 (रिक्तांत 09:51 बाद)	ईशान	नैऋत्य	वृश्चि.	वृष मिथुन कर्क कन्या तुला वृश्चि. मकर कुम्भ मीन
20 फरवरी	फाल्गुन शुक्ल 3 शुक्रवार	उभा	-	कुम्भ-मीन 07:05-09:38 वृष-मिथुन 11:14-15:24 (रिक्तारम्भ 15:30 पूर्व)	वायव्य	नैऋत्य	मीन	वृष मिथुन कर्क कन्या तुला वृश्चि. मकर कुम्भ मीन
21 फरवरी	फाल्गुन शुक्ल 5 शनिवार	रेवती	-	मिथुन 13:55-15:20 (रिक्तान्त भद्रान्त 13:55 बाद)	वायव्य	नैऋत्य	मीन	वृष मिथुन कर्क कन्या तुला वृश्चि. मकर कुम्भ मीन

❊ नवीन व जीर्ण गृहप्रवेश मुहूर्त्त 2082 ❊

(30 मार्च 2025 से 19 मार्च 2026 तक)

❊ **नूतन गृहप्रवेश- मास-** माघ, फाल्गुन, वैशाख एवं ज्येष्ठ मास (सौम्यायन) का गृहप्रवेश सर्वोत्तम होता है- *अथ प्रवेशो नवसद्मनश्च सौम्यायने जीवसिते बलाढ्ये (वसिष्ठसंहिता)। अथ सौम्यायने कार्यं नववेश्मप्रवेशनम् (नारदसंहिता)। माघफाल्गुनवैशाखज्येष्ठ मासेषु शोभनः। प्रवेशो मध्यमो ज्ञेयः सौम्याकार्तिक- मासयोः (नारदसंहिता) (सौम्य = मार्गशीर्ष)।*

❊ कार्तिक और मार्गशीर्ष में गृहप्रवेश मध्यम बताया गया है।

❊ गृहप्रवेश में चान्द्रमास लिया जाता है, सौरमास नहीं।

❊ **गृहप्रवेश तिथि-** 1, 2, 3, 5, 6, 7, 8, 10, 11, 12, 13 तिथियाँ

❊ **गृहप्रवेश में वर्जित मास -** चैत्र, आषाढ़, भाद्रपद, आश्विन, पौष में नूतन गृहप्रवेश सर्वथा वर्जित है।

❊ **नूतन गृहप्रवेश नक्षत्र-**रोहिणी, मृगशीर्ष, तीनों उत्तरा, चित्रा, अनुराधा, रेवती। (कुल8)

❊ **गृहप्रवेश वार -** सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार

❊ ❊ ❊ जीर्ण गृहप्रवेश के मुहूर्त्तों में नए घर का गृहप्रवेश नहीं किया जाता है। ❊ ❊ ❊

❊ **जीर्ण गृहप्रवेश-** दूसरे या अपने द्वारा बनाए गए पुराने घर में, अग्नि, जल, राजा आदि के कारण जीर्ण घर को पुनः बनाने के बाद जो गृहप्रवेश किया जाता है, इसे जीर्ण गृहप्रवेश कहा जाता है, पुराने फ्लैट भी इसी के अन्तर्गत आते हैं। जीर्ण गृहप्रवेश में गुरु शुक्र के उदय अस्त, बाल्यावस्था-वृद्धावस्था, सिंह-मकरस्थ गुरु, लुप्त सम्वत्सर आदि का विचार आवश्यक नहीं होता है, '*वेशोअम्बुपेज्यानिलवासवेषु नावश्यमस्तादिविचारणात्र* '*(मु.चि.प्रक.13,श्लो.2)*। ग्रहों के वेध से दोषयुक्त मुहूर्त भी जीर्ण गृहप्रवेश के अंतर्गत ही दिया गया है। इसमें नवीन गृहप्रवेश के सभी मुहूर्त्तों के अतिरिक्त निम्न मास व नक्षत्र भी ग्राह्य होते हैं:-

❊ **जीर्ण गृहप्रवेश मास-** श्रावण, कार्तिक एवं मार्गशीर्ष- *मार्गोर्जयोः श्रावणिकेऽपि सत्स्यात्।*

❊ **जीर्ण गृहप्रवेश नक्षत्र -** शतभिषा, पुष्य, स्वाती, धनिष्ठा। *(मु.चि.प्रक.13,श्लो.2)*

❊ भद्रा, व्यतिपात, वैधृति योग, परिघ का आधा मान, शूल योग के प्रारम्भ की 5 घटी, गण्ड व अतिगण्ड योग की 6 घटी, व्याघात की 9 घटी, विष्कुंभ व वज्र की 3-3 घटी, मुहूर्त्त शोधन के समय त्याग दी गई है।

❊ **चक्र शुद्धि-** पंचांग में गृह प्रवेश के मुहूर्त्तों में चक्रशुद्धि सहित मुहूर्त्तों को ✓ के चिह्न से स्पष्ट कर दिया गया है। मुहूर्त्त चिंतामणि के अनुसार सूर्य जिस नक्षत्र में स्थित होता है उस नक्षत्र से मुहूर्त्त के नक्षत्र तक गणना करने पर यदि गणना श्रेष्ठ मिलती है तो ऐसा मुहूर्त कलश चक्र शुद्धि सहित कहलाता है। गणना न मिलने पर चक्र शुद्धि रहित कहलाता है। 1) सूर्य जिस नक्षत्र में स्थित हो तथा उसी नक्षत्र में गृह प्रवेश किया जाय तो घर में अग्नि का भय होता है। (2) उससे अगले चार नक्षत्र तक प्रवेश किया जाय तो ऐसा घर स्थायी नहीं होता। (3) उससे अगले वाले चार नक्षत्र में प्रवेश हो तो ऐसा घर लाभ देता। (4) उससे आगे के चार नक्षत्र में गृह प्रवेश करने पर घर में लक्ष्मी रहती है। (5) उससे आगे के चार नक्षत्र में गृह प्रवेश करने पर घर में अशान्ति रहती है। (6) उससे आगे के चार नक्षत्र में गृह प्रवेश करने घर घर में मन का उच्चाटन रहता है। (7) उससे आगे 6 नक्षत्र में गृह प्रवेश होने पर घर में स्थिरता रहती है। चक्र शुद्धि इसे ही कहते हैं। संक्षिप्त में यह इस प्रकार जाननी चाहिए-सूर्य नक्षत्र से 5 नक्षत्र नेष्ट, 8 श्रेष्ठ, 4 नेष्ट, 6 श्रेष्ठ।

❊ अधिक श्रेष्ठ की कामना वाले निम्न बातों का भी ध्यान रखें- यदि घर पूर्वाभिमुख हो-तिथि-5, 10, 15 हो तथा सूर्य वाम हो अर्थात वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ व मीन का सूर्य हो। (प्रायः 16 नवम्बर से 14 अप्रैल तक) (2) यदि घर दक्षिणाभिमुख हो-तिथि-1, 6, 11 हो। वाम सूर्य-सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक व धनु का सूर्य (प्रायः 17 अगस्त से 14 जनवरी तक) (3) यदि घर पश्चिमाभिमुख हो- तिथि-2, 7, 12 हो। वाम सूर्य-वृष, मिथुन कर्क, सिंह व कन्या का। (प्रायः 15 मई से 17 अक्टूबर तक) (4) यदि घर उत्तराभिमुख हो- तिथि-3, 8, 13 हो वाम सूर्य-कुभ, मीन, मेष, वृष मिथुन हो। (प्रायः 13 फरवरी से 15 जुलाई तक)

दिनांक	मास पक्ष तिथि वार	नूतन गृहप्रवेश नक्षत्र	जीर्ण गृहप्रवेश नक्षत्र	चक्र शुद्धि	गृहप्रवेश मुहूर्त्त समय (लग्नादि)	चन्द्रराशि	चन्द्र शुद्धि 4,8,12वां निन्दित चन्द्र छोड़कर
14 अप्रैल	वैशाख कृष्ण 02 सोमवार		स्वाती	-	वृष-मिथुन 07:44-11:54 सिंह-कन्या 14:14-18:46	तुला	मेष वृष मिथुन सिंह कन्या तुला धनु मकर कुम्भ
23 अप्रैल	वैशाख कृष्ण 11 बुधवार		शतभिषा	✓	सिंह-कन्या 13:39-18:10 (भद्रान्त 11:47 के बाद)	कुम्भ	मेष वृष मिथुन सिंह कन्या तुला धनु मकर कुम्भ
25 अप्रैल	वैशाख कृष्ण 12 शुक्रवार		उभा राहुयुति	✓	वृष-मिथुन 07:01-09:36 (वैधृति आरम्भ 09:36 पूर्व)	मीन	वृष मिथुन कर्क कन्या तुला वृश्चि. मकर कुम्भ मीन
